संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -12 सोमवार, 12 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# प्रधानमंत्री ने झाबुआ को 7300 करोड़ रुपये की दी सौगात

## विशेष पिछड़ी जनजातियों की लगभग 2 लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान की मासिक किस्त का वितरण किया जाता है

- » स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख वितरित किया...
- » प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये हस्तांतरित
- » रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी
- » राष्ट्र को समर्पित किया और सड़क,रेल,बिजली और जल क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी



**झाबुआ, 11 फरवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के झाबुआ में लगभग 7300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। आज की इन विकास परियोजनाओं से क्षेत्र की महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी को लाभ होगा, जल आपूर्ति और पीने के पानी की व्यवस्था मजबूत होगी, साथ ही मध्य प्रदेश में सड़क, रेल, बिजली और शिक्षा क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधान मंत्री ने विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की लगभग 2 लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान की मासिक किस्त वितरित की,स्वामितवा योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख (अधिकारों का रिकॉर्ड) वितरित किए और प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। अंत्योदय का दृष्टिकोण प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहलों के लिए मार्गदर्शक रहा है। प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास के लाभ आदिवासी समुदाय तक पहुंचें, जिनमें से अधिकांश वर्ग स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी इन लाभों को प्राप्त करने में सक्षम नहीं थे। इसके अनुरूप, प्रधान मंत्री ने कई पहलों को समर्पित और आधारशिला रखी, जिससे क्षेत्र की महत्वपूर्ण आदिवासी आबादी को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने लगभग दो लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान योजना के तहत आहार अनुदान की मासिक किस्त का वितरण किया। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश की विभिन्न विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं को पौष्टिक भोजन के लिए 1500 रुपये प्रति माह प्रदान किए जाते हैं।

प्रधान मंत्री ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख (अधिकारों का रिकॉर्ड) वितरित किए। इससे लोगों को उनकी जमीन के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किये. इस राशि का उपयोग आंगनवाड़ी भवनों, उचित मूल्य की दुकानों,स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों में अतिरिक्त कमरों और आंतरिक सड़कों सहित विभिन्न प्रकार की निर्माण गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने झाबुआ में सीएम राइज स्कूल की आधारशिला रखी. स्कूल छात्रों को स्मार्ट क्लास, ई लाइब्रेरी आदि जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करेगा। उन्होंने टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी, जो राज्य के आदिवासी बहुल जिलों के युवाओं को सुविधाएं प्रदान करेगा।

प्रधान मंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जो मध्य प्रदेश में जल आपूर्ति और पीने के पानी के प्रावधान को मजबूत करेंगी। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी उनमें तलवाड़ा परियोजना शामिल है जो धार और रतलाम के एक हजार से अधिक गांवों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना है; और अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के तहत 14 शहरी जल आपूर्ति योजनाएं, मध्य प्रदेश के कई जिलों में 50 हजार से अधिक शहरी परिवारों को लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने झाबुआ की 50 ग्राम पंचायतों के लिए नल जल योजना भी राष्ट्र को समर्पित की, जो लगभग 11 हजार घरों को नल का पानी उपलब्ध कराएगी।

### प्रधानमंत्री ने कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। इनमें रतलाम रेलवे स्टेशन और मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखना भी शामिल है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जाएगा। राष्ट्र को समर्पित रेल परियोजनाओं में इंदौर-देवास-उज्जैन सी केबिन रेलवे लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं; इटारसी-यार्ड रीमॉडलिंग के साथ उत्तर-दक्षिण ग्रेड सेपरेटर;और बरखेरा-बुदनी-इटारसी को जोड़ने वाली तीसरी लाइन। ये परियोजनाएं रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और यात्री और माल गाड़ियों दोनों के लिए यात्रा के समय को कम करने में मदद करेंगी।प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में 3275 करोड़ रुपये से अधिक की कई सड़क विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें एनएच-47 के किमी 0.00 से किमी 30.00 (हरदा-तेमगांव) तक हरदा-बैतूल को चार लेन का बनाना; एनएच-752डी का उज्जैन देवास खंड; एनएच-47 के इंदौर-गुजरात एमपी सीमा खंड को चार लेन (16 किमी) और एनएच-47 के चिचोली-बैतूल हरदा-बैतूल को चार लेन; और एनएच-552 डी का उज्जैन झालावाड़ खंड। इन परियोजनाओं से सड़क संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र में आर्थिक विकास में भी मदद मिलेगी।इसके अलावा, उन्होंने अपशिष्ट डंपसाइट सुधार और इलेक्ट्रिक सबस्टेशन जैसी अन्य विकास पहलों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## आईएमए ने आयुष्मान भारत की पैकेज रेट फिर से तय करने की मांग रखी




**रायपुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** डॉक्टर खूबचंद बघेल और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों को हो रही परेशानी को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग को एक बार पत्र लिखा है। आईएमए की तरफ से स्वास्थ्य संचालक को पत्र लिखकर मांग की गई है कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना की पैकेज रेट का पुनःनिर्धारण किया जाए। पैकेज करीब 10 वर्ष पहले तय की गई थी। समय के साथ अस्पताल संचालन खर्च बढ़ा है। इस पर पैकेज रेट का फिर से निर्धारण बेहद जरूरी है।

## क्या बिहार में फिर होगा खेला ?

### नीतीश और तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ी

**पटना, 11 फरवरी 2024 (ए)।** बिहार में आज बजट सत्र के दौरान होने वाले फ्लोर टेस्ट से पहले आरजेडी और जेडीयू अपने-अपने विधायकों के एकजुट होने के दावे कर रहे हैं। एक ओर जहां जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक बुलाई गई. वहीं आरजेडी के सभी 79 विधायक तेजस्वी के सरकारी आवास पर ही ठहरे हुए हैं, इतना ही नहीं, कांग्रेस के 19 विधायकों को भी हैदराबाद से लौटने के बाद तेजस्वी के आवास पर जाने के लिए कहा गया है.। आरजेडी ने दावा किया था कि फ्लोर टेस्ट से पहले 'खेला' होगा.।



इसी बीच जेडीयू के विधानमंडल की बैठक में सभी 45 विधायक नहीं पहुंचे हैं।. बताया जा रहा है कि जेडीयू एमएलए 4 विधायक बीमा भारती, सुदर्शन, दिलीप राय और रिंकू सिंह मीटिंग में नहीं पहुंचे हैं.। इतना ही नहीं, जेडीयू विधायक बीमा भारती, सुदर्शन और दिलीप राय के मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहे हैं.। इन चार विधायकों के अलावा डॉ संजीव भी मीटिंग में शामिल नहीं हुए हैं, लेकिन वह पटना से बाहर हैं, इसे लेकर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से बात की है.। जेडीयू विधायकों को नीतीश का क्लियर मैसेज दिया गया है।. उन्होंने मीटिंग में कहा कि हम सबको सदन में एकजुट रहना है.।

## साइबर अपराधियों ने डीएम को बनाया निशाना

### मोबाइल हैक के बाद मचा हड़कंप

**घोसी, 11 फरवरी 2024 (ए)।** यूपी में साइबर क्राइम दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन मोबाइल हैक कर नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों से ठगी की जा रही है। हालिया मामला यूपी के मऊ से सामने आया है। जहां बेरोजगार युवक से नौकरी दिलाने के नाम 4.15 लाख रुपये वसूले गए है। शातिर साइबर जालसाजों ने जिलाधिकारी मऊ और पुलिस महानिरीक्षक के सचिव का सरकारी मोबाइल हैक कर इस वारदात को अंजाम दिया है। जब शनिवार को डीएम के सामने जब पीड़ित युवक फरियाद लेकर पहुंचा तो उनका माथा भी चकरा गया। आनन-फानन में पुलिस ने शनिवार की देर रात ही तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घोसी कोतवाली क्षेत्र के तिघरा डढिया भोपौरा गांव का है। जहां लाल बहादुर निषाद ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया वह बेरोजगार है और नौकरी के लिए सोशल मीडिया पर सर्च करता रहता है। सोशल मीडिया पर प्राइवेट जॉब के लिए उसने 24 अक्टूबर 2023 को दिये गये नंबबरों पर फोन किया लेकिन स्वीचऑफ होने के कारण बात नहीं हो सकी। अगले दिन यानी 25 अक्टूबर को उन नंबरों से फोन आया और फोन करने वाले ने पूछा की आपने जॉब के लिये संपर्क किया था। लाल बहादुर निषाद के हामी भरने के बाद फोन करने वाले ने अपने को आईजी पुलिस का सेक्रेटरी बताया और कहा कि पैसे दे दो तो तुम्हारी सरकारी नौकरी लग जाएगी।



युवक को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ और उसने फोन काट दिया। उसी दिन ठगों ने पुलिस महानिरीक्षक के सरकारी नंबर से फोन किया और पैसे की दोबारा मांग की। साथ ही फाइल चार्ज के नाम पर 15 हजार रुपये भी मंगा लिये। युवक को विश्वास में लेने के लिए जालसाजों ने जिलाधिकारी मऊ के सरकारी नंबर 9454417523 से फोन किया और 4 लाख रुपये अपने खाते में मंगा लिया। पैसे देने के बाद जब पीड़ित को कोई रिस्पांस नहीं मिला तो उसे ठगी का अहसास हुआ। उसने डीएम और आईजी पुलिस के सरकारी मोबाइल पर फोन कर जानकारी ली तो पता चला की वहां से कोई फोन नहीं किया गया था। इसके बाद युवक ने जब जॉब प्रोफाइल के लिये दिये गए सोशल मीडिया पर उपलब्ध नंबर पर फोन किया तो जालसाजों ने उसे धमकाते हुए कहा कि हम लोग किसी का भी नंबर हैक कर सकते हैं वह चाहे मुख्यमंत्री हो या प्रधानमंत्री।

डीएम ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कोतवाली पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। वहीं डीएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की देर रात जौनपुर के रहने वाले जालसाज हिमांशु कन्नौजिया उसकी मां उर्मिला कन्नौजिया, पिता गुलाब कन्नौजिया और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई।

## किसान आंदोलन शुरू...हरियाणा-पंजाब में बॉर्डर किया गया सील

### चंडीगढ़ में धारा 144 लागू



### 13 फरवरी के किसान आंदोलन पर दिनभर के बड़े अपडेट

**नई दिल्ली, 11 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली में किसानों के विरोध प्रदर्शन की घोषणा के बाद दिल्ली, पंजाब-हरियाणा से लेकर यूपी तक इसका असर देखने को मिल रहा है। किसानों के दिल्ली चलो आह्वान पर कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किसानों का खुलकर समर्थन किया है। वहीं, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सीमाओं पर की जा रही तैयारी को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा है कि किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई बैरिकेडिंग पर कहा कि कीलें बिछाना अमृतकाल है या अन्याय काल। दूसरी तरफ पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने साफ कहा कि कांग्रेस को सिर्फ चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के संबंध में कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान यूनियनों के समर्थन से दिल्ली चलो मार्च की घोषणा की है।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसानों की पीठ थपथपाई

पंजाब के किसान दिल्ली के आसपास के हाईवे को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। 13 जनवरी को किसान दिल्ली की सीमा पर पहुंचने वाले हैं। दूसरी तरफ पंजाब पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसानों को बधाई दी है कि उन्होंने केंद्र सरकार के लाए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ाई लड़ी जिसे बाद में केंद्र सरकार को वापस लेना पड़ा। पंजाब के समराला लुधियाना में एक सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एक तय तरीके से किसानों को खत्म करने की साजिश रची जा रही थी। लेकिन आप लोगों के आंदोलन ने किसानी को बचा लिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में आजादी के बाद पहली बार, हर किसान पर 25,000 रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से टैक्स लगाया गया। उन्होंने आगे कहा कि 'पीएम फसल बीमा योजना' को निजी इंश्योरेंस कंपनी का मुनाफा योजना बनाया गया। उन्होंने मंच से कहा कि 2016 से 2022 के बीच बीमा कंपनियों ने 40,000 करोड़ रुपए कमाए।

### कांग्रेस को चुनाव के समय याद आते हैं किसान-गरीब : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार आदिवासियों के हितों के लिए काम कर रही है, जबकि विपक्षी कांग्रेस को सिर्फ चुनाव के समय ही गांव,गरीब और किसान याद आते हैं।

## महिला डीएसपी से फर्जी आईआरएस ने रचाई शादी

### फिर ऐसे हुआ मामलें में खुलासा

**गाजियाबाद, 11 फरवरी 2024 (ए)।** मेट्रोमोनियल साइट के जरिए किए गए रिश्तों में कई बार झूठी जानकारी साझा कर लोगों को ठग लिए जाने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश में तैनात एक महिला डिप्टी एसपी फर्जीवाड़े का शिकार हो गई। उनके साथ फर्जी आईआरएस अधिकारी बनकर शादी करने और लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.। शादी के बाद महिला पुलिस अधिकारी को अपने साथ हुए इस बड़े धोखे की जानकारी हुई तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. उन्होंने धोखेबाज से तलाक ले लिया.। लेकिन वो अपनी पत्नी के नाम पर लोगों से ठगी करता रहा। इससे तंग आकर डिप्टी एसपी ने गाजियाबाद के कौशांबी थाने में पूर्व पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है।.



जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला पुलिस अधिकारी का नाम श्रेष्ठा ठाकुर है, जो कि साल 2012 बैच की पीपीएस अधिकारी हैं.। इस वक्त यूपी के शामली में तैनात हैं। श्रेष्ठा ठाकुर काफी तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में पहचानी जाती हैं. लोग उन्हें लेडी सिंघम के नाम से भी जानते हैं।

## मां की गलती से हुई बच्चे की मौत

**नई दिल्ली, 11 फरवरी 2024 (ए)।** अमेरिका के मिजूरी में महिला की लापरहाली ने उसके बच्चे की जान ले ली। उस महिला को यह तक समझ में नहीं आया कि वह अपने बच्चे का कहां सुला रही है। महिला ने अपने शिशु को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय कथित तौर पर गलती से 'ओवन' (खाद्य सामग्री बनाने या उन्हें गर्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण) में रख दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। एक अभियोजक ने यह जानकारी दी। कंसास सिटी की मारियाह थॉमस पर अपने बच्चे को खतरे में डालने के आरोप लगाए गए हैं। महिला ने यह काम गलती से किया या जानबूझकर इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को शुक्रवार दोपहर को एक शिशु के सांस नहीं लेने की जानकारी मिली थी। इस घटना के संभावित कारण संबंधी अदालती बयान में कहा गया है कि बच्चे के शरीर पर जलने के निशान थे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों को एक गवाह ने बताया कि मां ने बच्चे को सुलाने के लिए पालने के बजाय गलती से ओवन में रख दिया।



पुलिस ने जांच शुरू की तो महिला ने बताया कि रात को बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह उसे पालने में सुलाने लगी। लेकिन पता नहीं कैसे उसने गलती से बच्चे को ओवन में डाल दिया। सुबह जब उसी नींद खुली तो उसे ध्यान आया कि उसने तो गलती से बच्चे को ओवन में ही सुला दिया था। जैसे ही उसने ओवन खोलकर देखा तो बच्चा उसमें झुलस चुका था। तुरंत उसने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

## बीजेपी ने राज्यसभा चुनाव के लिए जारी की नामों की लिस्ट

**नई दिल्ली, 11 फरवरी 2024 (ए)।** बीजेपी ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने यूपी, उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक से उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने यूपी से 7 नामों की घोषणा की है। बिहार से दो उम्मीदवार भी पार्टी की लिस्ट में हैं। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड और हरियाणा से एक-एक उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की तरफ से इन नामों को मंजूरी दी गई।किस राज्य से कौन सा नामबीजेपी ने यूपी से आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ. संगीता बलवंत और नवीन जैन के नाम घोषित किए हैं। बीजेपी की तरफ से बिहार से दो नामों की घोषणा की गई है। पार्टी ने धर्मशीला गुप्ता और भीम सिंह को उम्मीदवार बनाया है। छत्तीसगढ़ से राजा देवेंद्र प्रताप सिंह और हरियाणा से सुभाष बराला के नाम घोषित किए गए हैं। कर्नाटक से पार्टी ने नारायणा के. भांडगे के नाम की घोषणा की है।




उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट और पश्चिम बंगाल से सामिक भट्टाचार्य के नाम की घोषणा की है।

इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र की छह सीटों सहित 56 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को कराने की घोषणा की थी। राज्यसभा के लिए उत्तर प्रदेश की 10 सीटें, महाराष्ट्र और बिहार की छह-छह, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 5-5, गुजरात और कर्नाटक में 4-4, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान में 3-3 सीट, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड (एक-एक सीट) शामिल है। अप्रैल की शुरुआत में 56 मौजूदा सांसदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सीटें भरने के लिए चुनाव हो रहे हैं। मतदान 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।उसके बाद वोटों की गिनती होगी और चुनाव प्रक्रिया 29 फरवरी तक पूरी हो जाएगी।

## संपादकीय

### रास्ता साफ होता जा रहा है विकसित भारत के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गयी है। अब आगामी पांच वर्ष विकसित भारत की बुनियाद के होंगे। स्टार्टअप, पेटेंट और सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत का परचम दुनिया में फहराते हुए दिखेगा। गौरतलब है कि इन दिनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी एकमत से कहा जा रहा कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित देश बन सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट 'द इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में कहा गया है कि अगले तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जायेगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि पिछले एक दशक में सरकार के साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकता हुआ सितारा है और जिस तरह आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ रहा है, वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार कर सकता है। भारत तेज आर्थिक विकास के साथ एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेंसियां एकमत से कह रही हैं कि भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत, अमेरिका और रूस से मित्रता, बढ़ते भारतीय बाजार के कारण कई देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते की ललक, प्रवासी भारतीयों द्वारा 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन देश को भेजने के साथ नये आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नये वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरा है।

# आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान ने अपने दिखावटी लोकतंत्र को भी धमाका करके उड़ा दिया है...

**पाकिस्तानी मीडिया की तमाम रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि जनादेश को पलटने और जबरन नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद पर बैठाने का जो खेल चल रहा है उससे अवाम बिल्कुल खुश नहीं है। लोग कह रहे हैं कि जब सेना को ही प्रधानमंत्री का सलेक्शन करना था तो यह इलेक्शन क्यों करवाये गये?**

अजब देश पाकिस्तान में इस समय गजब हो रहा है। पहले चुनाव टाले जाते रहे और अब चुनाव परिणाम टाले जा रहे हैं। चुनाव परिणामों को अचानक से पलट दिया जा रहा है। अंतिम चुनाव परिणामों की घोषणा में हो रही देरी के लिए कभी संचार सेवाओं में खराबी का बहाना बनाया जा रहा है तो कभी किसी और तकनीकी कारण का हवाला दिया जा रहा है। खास बात यह है कि सारी कारगुजारियों पर पर्दा डालने के लिए कभी पाकिस्तान के राष्ट्रपति से बयान दिलवा कर लोगों को भरमाने का प्रयास किया जा रहा है तो कभी खुद सेनाध्यक्ष बयान जारी कर देश में चल रही चुनावी धांधली से लोगों का ध्यान बंटाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन पब्लिक सब जानती है इसलिए वह सेना और नेताओं के बयानों से आश्वस्त होकर घर बैठने की बजाय सड़कों पर उतर कर हंगामा कर रही है। पाकिस्तानी मीडिया की तमाम रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि जनादेश को पलटने और जबरन नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद पर बैठाने का जो खेल चल रहा है उससे अवाम बिल्कुल खुश नहीं है। लोग कह रहे हैं कि जब सेना को ही प्रधानमंत्री का सलेक्शन करना था तो यह इलेक्शन क्यों करवाये गये? लोग सवाल कर रहे हैं कि जब जनादेश का कोई मतलब ही नहीं है तो पहले ही आर्थिक दुश्वारियां झेल रहे देश पर चुनावी खर्च के रूप में और आर्थिक बोझ क्यों बढ़ाया गया? पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टें तो यहां तक कह रही हैं कि सेना में भी कुछ लोग अब इमरान खान को ही दोबारा कमान सौंपने के पक्ष में हैं। इस तरह की भी रिपोर्टें सामने आ रही हैं कि विदेशों में भी जहां-जहां पाकिस्तानी रहते हैं वह वहां पर इमरान खान के समर्थन में रैलियां निकाल रहे हैं। पाकिस्तान में भी कोने-कोने में बच्चों से लेकर बूढ़े तक इमरान खान के पक्ष में नारेबाजी करते देखे जा सकते हैं। पाकिस्तान में इस वक्त जो सूरत ए हालात हैं वह दर्शा रहे हैं कि यदि सेना ने पब्लिक की ओर अनदेखी की तो देश को गृह युद्ध की ओर बढ़ने से रोकना मुश्किल हो जायेगा। पाकिस्तानी सेना को समझना होगा कि इस बार जनता ने किसी पार्टी के समर्थन में या किसी के विरोध में मत देने की बजाय सेना के विरोध में वोट डाला है इसलिए टीवी स्क्रीनों पर मतगणना के रुझानों और परिणामों को देख कर लोग नाराज हो रहे हैं और चुनाव अधिकारियों के खिलाफ भी जनता सड़कों पर नजर आ रही है। पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि हमने सुना था कि 1970 में जनादेश का चीरहरण हुआ था लेकिन अब देख भी लिया कि कैसे जनादेश को पलटा जाता है। जनता कह रही है कि सरकार चुनने का अधिकार उसका है और उसकी पसंद का सम्मान किया जाना चाहिए, उसके फैसले को पलटा नहीं जाना चाहिए। इस बीच, पाकिस्तान में



चुनाव के नाम पर हुई धोखेबाजी अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में भी आ चुकी है। वहां के हालात को देखते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ समेत तमाम देशों ने मांग की है कि चुनाव में अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामलों की जांच की जाये।इस बीच, सभी प्रमुख पार्टियां अपनी अपनी जीत का दावा भी कर रही हैं। लेकिन एक चीज स्पष्ट हो चुकी है कि नवाज शरीफ को निर्बाध रूप से प्रधानमंत्री पद पर बैठाने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि पाकिस्तान में नेशनल असेंबली में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता दिखाई दे रहा है और देश त्रिशंकु असेंबली की ओर बढ़ रहा है। जाहिर है पाकिस्तान में अब जो भी सरकार बनेगी वह गठबंधन की बनेगी। गठबंधन के लिए नवाज शरीफ ने बिलावल भुट्टो और उनके पिता आसिफ अली जरदारी से संपर्क साधा है। दूसरी ओर इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने खुद को सबसे ज्यादा सीटें मिलने का दावा करते हुए कहा है कि वह किसी को समर्थन नहीं देगी बल्कि जो भी सरकार बनेगी उसका नेतृत्व वही करेगी। इमरान खान की पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं का आह्वान भी किया है कि जहां-जहां नतीजे घोषित नहीं किये जा रहे वहां के मतगणना केंद्रों के बाहर वह प्रदर्शन करें। जनता से मिले समर्थन से गद्गद् इमरान खान ने जेल में बंद होने के बावजूद नवाज शरीफ पर निशाना साध दिया है। दरअसल पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एआई (कृत्रिम मेधा) की मदद से एक वीडियो संदेश भेजकर आम चुनाव में जीत का दावा किया है और अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी नवाज शरीफ को 'मूर्ख' व्यक्ति करार दिया है। इमरान खान का संदेश उनकी पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। इमरान खान ने वीडियो संदेश में अपने समर्थकों को चुनाव के नतीजों को लेकर बधाई भी दी है। दूसरी ओर, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने घोषणा की है कि वह गठबंधन सरकार बनाने के लिए विचार-विमर्श शुरू कर रहे हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लाहौर स्थित केंद्रीय सचिवालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने कहा है कि उनकी पार्टी जनादेश का सम्मान करती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करने के अपने रुख में बदलाव करते हुए नवाज शरीफ ने अब कहा है कि पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हम बार-बार चुनाव नहीं करा सकते। पाकिस्तान में रिपोर्टें हैं कि इस्लामाबाद में गठबंधन सरकार बनाने के लिए नवाज और जरदारी के प्रतिनिधियों ने वार्ता शुरू भी कर दी है और यह वार्ता सफल रहे और जल्द ही सरकार बन सके यह सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी भी दबाव बनाये हुए हैं। देखना होगा कि पाकिस्तान में कब तक नई सरकार गठित होती है और उसका स्वरूप क्या होता है? फिलहाल तो यही कहा जा सकता है कि दुनिया भर में आतंक की फैक्ट्री के रूप में विख्यात पाकिस्तान ने अपने देश के दिखावटी लोकतंत्र को भी बम धमाके से उड़ा दिया है। खैर... इन सब हालातों के बीच पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह करे तो क्या करे। उसके समक्ष एक मुश्किल यह भी है कि अधिकांश जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद होने से जनता के गुस्से का शिकार उसे ही बनना पड़ रहा है।

**-नीरज कुमार दुबे-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# हमें एआई,डीप फेक को खत्म करने के लिए कानूनी ढांचे की आवश्यकता है

**सभी** प्रकार के लोगों को लक्षित करने वाले डीप फेक वीडियो के उदय ने खतरे की घंटी बजा दी है, जिससे व्यापक चिंता पैदा हो गई है और डीप फेक तकनीक के दुरुपयोग को रोकने की तत्काल आवश्यकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेट ने द्विदलीय कानून पेश किया है जिसे डिसरप्ट एक्सप्लिसिट फोर्ज्ड इमेजेज एंड नॉन-कंसेन्सुअल एडिट्स (डिफियंस) एक्ट कहा जाता है। यह कानून व्यक्ति की सहमति के बिना कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई गैर-सहमति वाली, कामुक छवियों और वीडियो को साझा करना अवैध बना देगा। इसी तरह, यूरोपीय संघ के प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम का उद्देश्य डीप फेक को संबोधित करने के लिए सख्त नियम प्रदान करना है। जैसे-जैसे यह तकनीक जनता के लिए अधिक उपलब्ध होती जा रही है, बड़ी संख्या में देश डीप फेक की दुविधा से जूझ रहे हैं और इस समस्या से कैसे निपटा जाए। इंटरनेशनल सेंटर ऑफ काउंटर-टेररिज्म के लिए एक नीति संक्षिप्त में, जिसका शीर्षक 'डीप फेक डिजिटल धोखे का हथियार' है, सुदूर दक्षिणपंथी एला बुश और जैकब वेयर ने कहा, ÷शब्द, 'डीप फेक', डीप लर्निंग की अवधारणा से लिए गए हैं। , कृत्रिम बुद्धिमत्ता-मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) का एक उपसमूह। डीप लर्निंग एल्गोरिदम गहरे तंत्रिका नेटवर्क से बने होते हैं, जो मानव मस्तिष्क को इस तरह से अनुकरण करते हैं जो एआई को बड़ी मात्रा में डेटा से 'सीखने' में सक्षम बनाता है। पाठ और छवियों जैसे असंरचित डेटा को संसाधित करने की क्षमता के कारण डीप लर्निंग मशीन लर्निंग से अद्वितीय है, जो इसे डीप फेक वीडियो, ऑडियो, चित्र या टेक्स्ट बनाने के लिए आदर्श बनाती है। डीप फेक एक विशिष्ट डीप लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके बनाए जाते हैं जिसे जेनेरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (जीएएन) कहा जाता है जिसे पहली बार 2014 में शोधकर्ता इयान गुड फेलो द्वारा विकसित किया गया था, में दो तंत्रिका नेटवर्क शामिल हैं एक जनरेटर एल्गोरिदम और एक विभेदक एल्गोरिदम। जनरेटर एल्गोरिदम एक नकली छवि (या मीडिया का अन्य रूप) बनाता है और विवेचक मीडिया की प्रामाणिकता का आकलन करता है। स्थिर स्थिति तक पहुंचने तक कार्रवाई घंटों या दिनों तक दोहराई जाती है, जिसमें न तो जनरेटर और न ही विवेचक अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में, डीप फेक एक प्रकार का सिंथेटिक मीडिया है



जिसमें डीप-जेनरेटिव तरीकों के माध्यम से किसी के चेहरे की बनावट में हेरफेर शामिल होता है। हालाँकि किसी के चेहरे या आवाज़ की नकल करने की तकनीक नई नहीं है, लेकिन डीप फेक के बारे में जो क्रांतिकारी है, वह है जेनेरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क्स (जीएएन) पर निर्भरता। दो मॉडल पर भरोसा करते हैं जो मिलकर काम करते हैं। पहला एआई मॉडल, जालसाज, दिए गए नमूने के आधार पर किसी के चेहरे से छेड़छाड़ करने में मदद करता है। दूसरा एआई मॉडल, जासूस, जालसाज की रचना की जांच करता है और, फेस ट्रेनिंग डेटा के आधार पर, इसके नकली होने के सभी कारणों की पहचान करता है। इसके बाद जालसाज जासूस द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर सुधार करता है। सुधार की यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक जासूस वास्तविक छवि और उत्पन्न छवि के बीच कोई अंतर खोजने में असमर्थ नहीं हो जाता। किसी भी तकनीक की तरह, डीप फेक के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों उपयोग होते हैं। फिल्म निर्माता बड़े पैमाने पर इस तकनीक का उपयोग फिल्मों का अनुवाद करने, अभिनेताओं की उम्र/उम्र कम करने, फिल्म निर्माण को गति देने और इसकी लागत कम करने में मदद करने के लिए कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में, डीप फेक बहुत अधिक नवीन पाठ बनाने में मदद कर सकते हैं जो सीखने के पारंपरिक रूप की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक हैं। इसका उपयोग ऐतिहासिक क्षणों को फिर से प्रस्तुत करने के लिए किया जा सकता है; मानव शरीर रचना विज्ञान को समझने और वास्तुकला में सहायता करने में सहायता करें। इसका उपयोग चिकित्सा शोधकर्ताओं द्वारा वास्तविक रोगियों के बिना बीमारियों के इलाज के नए तरीके विकसित करने के लिए भी किया जा सकता है। डीप फेक के अनेक लाभ हैं। दूसरी ओर, वित्तीय घोटाले, गलत सूचना फैलाने और यौन रूप से स्पष्ट वीडियो साझा करने जैसे अपराध करने के लिए डीप फेक का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। यूरोपोल की इनोवेशन लैब के अनुसार, डीप फेक संगठित अपराधों के लिए एक प्रमुख उपकरण बन सकते हैं, क्योंकि इनका उपयोग बड़े पैमाने पर धमकाने, बौद्धिक संपदा के उल्लंघन की अनुमति देने, धोखाधड़ी वाले दस्तावेजों को सुविधाजनक बनाने, सबूतों में हेरफेर करने, आतंकवाद का समर्थन करने और सामाजिक अशांति और राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। ऐसी खबरें आई हैं कि पिछले विधानसभा चुनावों में विरोधियों को बदनाम करने के लिए डीप फेक का इस्तेमाल किया गया था और अगर कोई कदम नहीं उठाया गया तो 2024 के आम चुनावों के दौरान ये बड़े पैमाने पर फैल सकते हैं। यह लेखक स्वयं, उनकी आवाज़ का प्रतिरूपण करते हुए एक गहरे नकली वीडियो का शिकार था, जिसे 2019 के संसदीय चुनावों में मतदान से एक दिन पहले दुर्भावनापूर्ण रूप से प्रसारित किया गया था।

**-मनीष तिवारी-**

# विवाह पूर्व संबंध का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य क्यों?

क्या मुझे खुशी है कि मैं इन दिनों उत्तराखंड में रहने वाला युवा व्यक्ति नहीं हूं। मैं शायद अब तक जेल में होता! समान नागरिक संहिता विधेयक को देखते हुए, यह युवा होने के लिए अच्छा समय नहीं है और एक महिला होने के लिए सबसे खराब समय है जो इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तराखंड विधानसभा में पारित हुआ है। बहुत सारे झंझट मैं आपको बताता हूं आइए लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण से शुरुआत करें। वह दादागिरी है! आइए, आप लोग 21 साल की उम्र में, एक महिला को अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए राज्य की मंजूरी की आवश्यकता होती है? साथ ही, यदि वह 21 वर्ष से कम (लेकिन वयस्क) है, तो उसे अपने माता-पिता से उस निर्णय का समर्थन करवाना आवश्यक है? क्यों? अजीब तर्क वही महिला, 18 साल की उम्र में, बिना किसी समस्या के किसी पुरुष (किसी अन्य महिला से नहीं) से शादी कर सकती है। क्या इसका कोई मतलब है? इस कानून के तहत, यदि वह सीमा का पालन करने में विफल रहती है, तो उसे कारावास का सामना करना पड़ता है! हां। रजिस्ट्रार और स्थानीय पुलिस को बयान न देने के कारण वह तुरंत शांत हो जाती है, और हां, यदि कोई भी व्यक्ति 21 वर्ष से कम उम्र का है, तो माता-पिता को भी उस बयान की आवश्यकता होती है। उत्तराखंड के बाबू/नेता महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए जो काम कर रहे हैं, उसका वर्णन करने के लिए बेतुका शब्द बहुत हल्का है। वे इस बात पर जोर देते हैं कि यह विधेयक समान रूप से पवित्र माता-पिता के दबाव का जवाब है, जो मानते हैं कि साथ रहने वाले भागीदारों द्वारा महिलाओं के खिलाफ कई अपराध किए गए हैं। क्या पंजीकरण स्वतः ही समस्या का समाधान कर देगा? क्या अपराध ख़त्म हो जायेंगे या कम हो जायेंगे? विशेषज्ञों का तर्क है कि पंजीकरण, और यह सब बकवास, अवैध की सीमा पर है। माता-पिता 18 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति पर अपने नियम नहीं थोप सकते। महिलाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने में असमर्थ सही या गलत बुद्धिहीन बैचलर बना देना उनसे सभी अभिकरण छीन लेना है। इसके अलावा रजिस्ट्रारों को दी गई लगभग असीमित शक्ति को देखें। उनके पास सारे कार्ड हैं! एक रजिस्ट्रार के पास लिव-इन पार्टनर्स को अनुमति देने से इनकार करने का अधिकार है! युवा जोड़ों पर फैसला सुनाने वाला यह सर्वशक्तिमान व्यक्ति आखिर कौन है? रजिस्ट्रार मनमाने ढंग से अनुमति रोकने के आधार तय कर सकता है। इनकार को अन्य कारणों के साथ-साथ जबरदस्ती, अनुचित प्रभाव और गलत बयानी के तहत जोड़ा जा सकता है। ऐसे परिदृश्य की कल्पना करें जहां रजिस्ट्रार खराब मूड में है, उसका अपने साथी के साथ झगड़ा हुआ है, नींद नहीं आ रही है, भूखा है, थका हुआ है, ऊब गया है। एक युवा जोड़ा अपने रिश्ते को पंजीकृत कराने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहा है। रजिस्ट्रार देखता है और इसके



विरुद्ध निर्णय लेता है बस! ऐसे ही! झट-पट से. अस्वीकृत/निराश जोड़े को एक संकट का सामना करना पड़ता है जिस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं होता है। तब क्या? रजिस्ट्रार का जीवन जारी रहता है, जबकि उनका जीवन एक बड़ी बाधा का सामना करता है। विधेयक में बहुत सारे परेशान करने वाले मुद्दे हैं, जो अच्छे-भले के आवरण के कारण और भी अधिक परेशान करने वाले हैं, जिसे कलात्मक रूप से उदार, महिला-समर्थक इरादों को व्यक्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है राज्य को महिलाओं के गुणों के रक्षक के रूप में। राज्य महिलाओं की नैतिकता का संरक्षक है। माँ-बाप के रूप में राज्य, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है कि महिलाएँ आचरण करें और अवज्ञा के अनियंत्रित कृत्यों के माध्यम से समाज को अपमानित न करें। इस मध्ययुगीन तरीके से महिलाओं को नियंत्रित करना न केवल प्रतिकूल है, बल्कि यह पुराना और हास्यास्पद भी है। महिलाएं अपने जीवन की जिम्मेदारी लेने में कहीं अधिक सक्षम हैं। कभी-कभी चीजें उल्टी पड़ जाती हैं। लेकिन यह महिला की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। राज्य को पीछे हटना चाहिए. और हमारे शयनकक्षों, हमारे निजी स्थानों, किसी के भी साथ रहने के हमारे निर्णयों से बचें, बिना फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किए और इनकार करने पर जेल की सजा का जोखिम उठाए बिना। कागज़ पर,बिल पूरी तरह से महिलाओं और लैंगिक समानता के लिए प्रतीत होता है। लेकिन,अफ़सोस की बात है, पासा आज की स्वतंत्र सोच वाली महिलाओं के खिलाफ है जो व्यक्तित्व को महत्व देती हैं और कठिन विकल्पों को संभाल सकती हैं। किसी साथी के साथ रहने की इच्छा रखने वाली किसी भी वयस्क महिला को पूर्व शर्तों और निगरानी के अधीन क्यों किया जाएगा? इतनी बुरी बात है कि महिलाओं का ध्यान हमेशा अपने जीवन के हर क्षेत्र पर केंद्रित रहता है निजी और पेशेवर दोनों। यह विधेयक जांच को बढ़ा देगा और स्वायत्तता के लिए शायद ही कोई जगह बचेगी। स्वाभिमान का क्या? सहमति देने वाले वयस्कों को बस इसी रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। चाहे वह अंतर-धार्मिक विवाह हो या लिव-इन रिलेशनशिप। किसी को दबंग नानी की जरूरत नहीं है, धन्यवाद! लोकतंत्र की हत्या एक भरा हुआ वाक्यांश है, और हमें चंडीगढ़ में एक अपराधी को साहसपूर्वक बुलाने के लिए हमारे प्रतिभाशाली सीजेआई को धन्यवाद देना चाहिए चंडीगढ़ में हाल के मेयर चुनावों में रिटर्निंग अधिकारी का वर्णन करने के लिए कोई अन्य शब्द नहीं है। अनिल मसीह या तो इतना अहंकारी है या बिल्कुल मूर्ख है कि उसने यह कल्पना की थी कि मतपत्रों पर रेखाएं खींचकर उन्हें विकृत करते हुए कैमरे में कैद होने के बाद वह बच जाएगा। इस कृत्य की सरासर बेशर्मी के कारण राजनीतिक हंगामा खड़ा हो गया, जिसने चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में भाजपा की जीत को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. ने कहा, हम आप पर नजर रख रहे हैं चंद्रचूड़ की पीठ के खिलाफ मामला दर्ज किया, जबकि अदालत ने चंडीगढ़ नगर निगम की नई सरकार को 7 फरवरी को बजट बैठक आयोजित करने से रोक दिया।दुर्भाग्य से, यह भारत में होने वाली एकमात्र हत्या नहीं है। हम हर मिनट हत्या करने के आदी हैं! वास्तव में, हम हिंसा और अत्याचार के दैनिक कृत्यों के प्रति इतने प्रतिरक्षित हो गए हैं कि बिना किसी सजा के भी हम एक और हत्या कर लेते हैं यदि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने डेसिबल का स्तर नहीं बढ़ाया होता और कुछ बेहद जरूरी स्पष्ट बातें नहीं की होतीं तो इसे नजरअंदाज कर दिया गया होता।

**-शोभा डे-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# प्रभा श्री के भव्य मंच पर गीतकार समीर अनजान के हाथों 18 किताबों का विमोचन

**वाराणसी।** कैंटोनमेंट के एक तीन सितारा होटल में बॉलीवुड के जाने-माने गीतकार समीर अनजान जी के हाथों प्रभा श्री पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित 18 किताबों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अनेक साहित्यकारों तथा समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जहां श्री समीर अनजान उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री पंडित शिवनाथ मिश्र,पंडित देवव्रत मिश्र,सिडनी के निर्माता निर्देशक एवं लेखक डॉ सतीश राय, फ्लोरिडा अमेरिका से सुनीति, तथा लंदन इंग्लैंड से विद्या उपस्थिति रहीं। जहां एक ओर देश के विभिन्न शहरों से साहित्यकारों ने शिरकत की, वहीं कार्यक्रम में काशी के डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव, पंडित शिवदत्त द्विवेदी,वीणा अग्निहोत्री आदि की उपस्थिति रही। यह सारा आयोजन प्रभा श्री फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रियंका अग्निहोत्री गीत के संयोजन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम पूर्णतः स्वर्गीय श्री प्रभा शंकर अवस्थी एवं स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा अवस्थी स्वाती की स्मृति में आयोजित किया गया।किताबों में कुछ एकल कृतियां, कुछ संकलन, 2 किताबें गिरमिटिया मजदूरों के संघर्ष पर, कुछ उपन्यास, और एक किताब माननीय प्रधानमंत्री जी पर भी रही जो उन्हें भेंट की जाएगी।




प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सन्यासी योद्धा थे स्वामी दयानंद सरस्वती

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती ऐसे देशभक्त,समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'सन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है।

**- योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,नई दिल्ली-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ाई परेशानी,मैनपाट में गिरे ओले

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

बेमौसम बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को रूक-रूककर बारिश होती रही। वहीं शाम को मैनपाट के क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 48 घंटे तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में मौसम खराब रहने की संभावना है। इस दौरान तेज गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है।

मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में सक्रिय उपरी हवा के चक्रीय परिसंचरण से भारी मात्रा में नमी का प्रवेश उत्तरी छत्तीसगढ़ में जारी है। वहीं अरब सागर में सक्रिय चक्रवात बना हुआ है। इन दोनों प्रभाव के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में इसका असर देखा जा रहा है। रविवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह अंबिकापुर सहित कई क्षेत्रों में घने बादल व तेज हवा चलने से मौसम शुष्क रहा। सुबह-सुबह बूंदाबांदी हुई। इसके बाद धूप भी निकले। इसके बाद पुनः दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदल ली और तेज हवा के साथ बारिश हुई। इसके बाद मौसम का लुकाछिपी का खेल चलता रहा। पुनः चार बजे के बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई है। बारिश व शुष्क हवा के कारण मौसम ठंड रहा। अंबिकापुर सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार को कई



जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं दोपहर करीब 2 बजे मैनपाट के क्षेत्रों में लगभग 10 मिनट तक ओलावृष्टि होने से बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। मौसम विभाग के अनुसार अंबिकापुर में शाम 5.30 बजे तक 3.8 मिली मिटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभगा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय रहने के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। पिछ्ले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही थी। वहीं 9 फरवरी को शुष्क हवा का प्रवेश होने के कारण न्यूनतम तापमान 4 डिग्री पहुंच गया था। 10 फरवारी को तामपन में हल्की वृद्धि दर्ज की गई थी। इसके साथ ही शनिवार की देर रात से आसमान में बादल की सक्रियता के कारण न्यूनतम तापमान 11 डिग्री पहुंच गया था। वहीं रविवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा। बेमौसम बारिश व मैनपाट में ओलावृष्टि के कारण ठंड ने पुनः करवट ले ली है। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि की वजह से सबसे अधिक नुकसान किसानों को हुआ है। ओलावृष्टि व बारिश के कारण सब्जी, तिलहन, दलहन की फसन को नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण फल व फूल में कीड़े लग जाएंगे। ओलावृष्टि से चना, मटर व अरहर की फसल की लिए काफी नुकसानदेह है। अगर लगातार बारिश होती रही व मौसम में नमी बनी रही तो मटर व चना में गलन की संभावना बढ़ जाएगी। ओलावृष्टि की वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



## सबमर्सिबल पम्प चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सबमर्सिबल पम्प चोरी के मामले में बतौली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सबमर्सिबल पम्प भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार चन्द्रमा सिंह पैकरा बतौली मेन रोड का रहने वाला है। 8 फरवरी को इसके खेत में लगे सबमर्सिबल पम्प को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी आत्माराम उम्र 23 वर्ष निवासी मानपुर उपरपारा, प्रमोद कुमार मरावी उम्र 26 वर्ष निवासी मुकाम मंगरी सीतापुर व जगमोहन तिग्गा उम्र 52 वर्ष निवासी देवरी थाना बतौली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की सबमर्सिबल पम्प भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## उन्नत विधियों से रोग का प्रारम्भिक समय में जांच कर गंभीर बीमारी का इलाज भी सम्भव




- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला व सम्मेलन का समापन रविवार को किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. आर्या ने बताया कि विभिन्न उन्नत तकनीक से मरीजों की जांच कर यदि समय रहते बिमारी का पता लगाया जा सके तो गंभीर बीमारियों का इलाज भी सम्भव है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम काफी सफल रहा विशेषज्ञों के आपसी विचार मंथन व रिसर्च तथा शोध पत्रों से निकले सैद्धांतिक पक्षों को व्यावहारिक रूप में उपयोग करने का मार्ग प्रसस्त होगा। उक्त सम्मेलन में डॉ. नदासा कदीजा के शोध पत्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ तथा मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के पैथोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र डॉ. काजल पैकरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उक्त तीन दिवसीय अकदमिक कार्यक्रम को सफल बनाने में चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग के चिकित्सकों डॉ. विशाल कुलकणी (आर्गेनाईजिंग सैक्रेट्री), डॉ. विकास पाण्डेय डॉ. शंकर मार्शल टोप्पो, डॉ. मिराज फातिमा, डॉ. दिप्ती तिर्की, डॉ. जगरानी लकड़ा, डॉ. शारदा भगत के अतिरिक्त स्थानीय निजी प्रेट्रिक्स करने वाले पैथोलाजिस्ट में डॉ. विश्वजीत जयसवाल (आर्गेनाईजिंग वाईस प्रेसीडेन्ट), के अतिरिक्त डॉ. अलका सिंह, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. सौरभ गोयल, डॉ. दीपक गुप्ता एवं डॉ. अभिनव वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## बीजेपी छत्तीसगढ़ में 11 की 11 लोकसभा सीट जीतने कर लेकर चल रही लक्ष्य : अमर अग्रवाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा तैयारी में जुटी हुई है। चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्य प्रमुख मुद्दा होगा। उक्त बातें सरगुजा लोकसभा क्लस्टर प्रभारी व बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कही। वह रविवार को अंबिकापुर सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि

छत्तीसगढ़ में नई सरकार आई है, सरकार चुनाव के पूर्व मोदी गारंटी 2023 के तहत जनता के समक्ष जो वादा किया था सारे प्रमुख वादों को बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी छत्तीसगढ़ में 11 की 11 लोकसभा सीट को जीतने के लक्ष्य लेकर चल रही है। हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं हमारा मूल मंत्र संपर्क, संवाद, परिश्रम है इसी को लेकर सारे मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। सरगुजा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों का चयन पार्लियामेंट बोर्ड करती है। सरगुजा से रेणुका सिंह, रायगढ़ से गोमती साय व बिलासपुर से अरुण साव सांसद से विधायक बन चुके हैं, इसके अलावा हम बस्तर और कोरबा हार गए थे इसलिए पार्टी इन पांचो सीट पर शीघ्र ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। हमारी एक पैनल दिल्ली गई हुई है कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी। पत्रकारों द्वारा पूछे गए राहुल गांधी की न्याय यात्रा के संबंध में अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी का जहां-जहां गए है वहां बंटाधार हुआ है। अभी सरगुजा में 1 लाख 82 हजार से आगे हैं उनके आने के बाद आंकड़ा और बढ़ेगा। वार्ता के दौरान



पत्रकारों द्वारा पूछा गया कि अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल और मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए मात्र 50 लख रुपए बजट में प्रावधान किया गया है ऐसे में यह कैसे संभव होगा, इस पर अमर अग्रवाल ने कहा कि राशि महत्वपूर्ण नहीं है महत्वपूर्ण यह है कि उस कार्य को बजट में शामिल किया गया है या नहीं। अगर बजट में समावेश होगा तो आगे डीपीआर, टेंडर वह प्रशासनिक स्वीकृति के बाद जितनी भी राशि होगी मिलेगा। उनहोंने ने कहा कि भाजपा सरकार सारे मेडिकल कॉलेज को पूर्ण रूप से विकसित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है भले ही विरासत में खाली खजाना क्यों ना मिला हो। प्रेस वार्ता के दौरान सरगुजा संभाग प्रभारी राजा पांडे, अंबिकापुर लोस प्रभारी लखन साहू,संयोजक कमलभान सिंह मरावी,पूर्व गृहमंत्री राम सेवक पैकरा,कृष्णा राय विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल,चंपा देवी पावले,लुन्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो,भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद थे।

## आज शाम सरगुजा संभाग की सीमा में प्रवेश करेगी राहुल गांधी की यात्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार की शाम 4 बजे के आसपास सरगुजा संभाग की सीमा में प्रवेश कर जाएगी और सूरजपुर जिले के ग्राम शिवनगर में रात्री विश्राम करेगी। 13 फरवरी को यात्रा सुबह 8 बजे उदयपुर से पुनः प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान यात्रा रुट के कई गांवों में राहुल गांधी की नुक्कड़ सभाएं होगी। किसान संगठनों, एनजीओ, विहान महिला समूहों, श्रमिक संगठनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी इस दौरान मुलाकात होगी।



यात्रा के स्वागत और रुट में व्यवस्थाओं को लेकर समन्वय स्थापित कर दिया गया है। 12 फरवरी को यात्रा के सरगुजा संभाग में प्रवेश एवं उसके उपरांत रात्री विश्राम तक के स्वागत एवं व्यवस्था की जवाबदेही सूरजपुर जिला कांग्रेस कमेटी एवं उदयपुर ब्लॉक कॉंगेस कमेटी कर रही है। पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह एवं सूरजपुर जिला अध्यक्ष भगवती राजवाडे के नेतृत्व में ग्राम तारा से लेकर शिवनगर तक की व्यवस्थओं पर कार्य हो रहा है। 13 फरवरी को प्रातः 8 बजे उदयपुर से यात्रा की शुरुआत को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गयी हैं। पूरा यात्रा मार्ग न्याय यात्रा के स्वागत के झंडे-बैनर से आच्छादित हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने जानकारी दी है कि 13 फरवरी को उदयपुर से यात्रा प्रारंभ होने एवं अम्बिकापुर पहुँचने तक के मार्ग के लिये उदयपुर, लखनपुर एव अम्बिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अपनी तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। इस हेतु विक्रमादित्य सिंहदेव,कृपा गुप्ता, विनय शर्मा, सिद्धार्थ सिंहदेव, राजनाथ सिंह को जवाबदेही सौंपी गई है।

अम्बिकापुर शहर में सभा स्थान और दोपहर भोजन आदि के व्यवस्था की देखरेख श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मो. शफी अहमद,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा कर रहे हैं। सभा के लिये सरगुजा संभाग के विभिन्न सामाजिक संगठनों को आमंत्रित करने की जवाबदेही 20 सूत्रिय कार्यक्रम क्रियान्वयन सिमिती के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं द्वितेन्द्र मिश्रा के पास है।

## 20 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन पर कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अवैध महुआ शराब बिक्री किए जाने के मामले में सरगुजा पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। लुण्ड्रा पुलिस ने ग्राम ऊपरपोड़ी निवासी देवनारायण सिंह उर्फ मुन्ना के कब्जे से 8 लीटर, थाना मणिपुर पुलिस द्वारा 2 प्रकरण दर्ज कर 8 लीटर एवं थाना कोतवाली द्वारा 1 प्रकरण दर्ज कर कुल 4 लीटर कुल 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों मामले में वैधानिक कार्रवाई की है।




## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग पर स्थित शहर से लगे लुचकी घाट के पास शनिवार की शाम को अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को मामूली चोट होने के कारण डिस्चार्ज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नवीन भगन पिता लक्ष्मण भगत उम्र 18 वर्ष ग्राम बोदा थाना बतौली का रहने वाला था। वह शनिवार को अपने दोस्त स्माईल के साथ बाइक से अंबिकापुर आया था। यहां से दोनों शाम को वापस लौट रहे थे। रास्ते में अंबिकापुर-रायगढ़ मार्ग पर स्थित लुचकी घाट के पास बतौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कारण ने बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक नवीन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं इसका दोस्त इस्माईल को मामूली चोट आई थी। दोनों सडक़ पर घायल अवस्था में पड़े हुए थे। पीछे से आ बोलेरो चालक ने दोनों को उठाकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने नवीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं स्माईल को मामूली चोट लगने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में बिना कार्य करे राशि का बंदरबाट करने का मामला थमने का नाम नही ले रहा

- सोनू कश्यप -
प्रतापपुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में बिना कार्य करे राशि का बंदरबाट करने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है अभी कनक नगर का मामला शांत भी नही हुआ है वहीं फिर से एक ग्राम पंचायत सौंतार में बिना नाली निर्माण कराए ही राशि गबन का मामला सामने आ रहा है। लेकिन अधिकारी कर्मचारियों को सब कुछ जानकारी होते भी हुए मौन धारण किए हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सौतार में 2021-22 में जिला पंचायत मद के 15वां वित्त से नाली निर्माण कार्य साढ़े तीन लाख का कार्य लखन घर से हिरण साय घर तक स्वीकृत हुआ था जिसका प्रथम किस्त 1 लाख चालीस हजार रुपए निकाल कर राशि का सरपंच सचिव के द्वारा बंदर बाट कर लिया गया है। पंचायत सचिव द्वारा 4 पंचायतों का बागडोर संभाल जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो पंचायतों में कई योजनाओं नाम पर लाखों रुपए बिना काम कराए ही




निकाल लिए गए, लेकिन वर्षों से काम की शुरुआत नहीं हुई है। जनपद पंचायत प्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग के क्रियान्वयन में भारी अनिमियत्ता बरती जा रही है। ऐसी अनिमियत्ता की एक दो नहीं बल्कि लंबी फेहरिस्त है। योजनाओं का चयन फर्जी ग्राम सभा से कर लिया जाता है। और योजनाओं का क्रियान्वयन में भी लापरवाही सर चढ़कर बोल रहा है योजनाओं को प्रारंभ भी नहीं किया गया है और राशि की निकासी धड़ल्ले से कर ली गई है। जनपद पंचायत प्रतापपुर में 101 ग्राम पंचायत है जिसमें कई ग्राम पंचायतों में बिना कार्य कराए ही राशि आहरण कर लिया गया है जो जांच होने पर लाखों करोड़ों का घोटाला सामने आएगा। लेकिन जांच करे तो करे कौन जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी रिश्वत के दलदल में डूबे हुए हैं।

इस विषय में एसडीएम दीपिका नेताम ने कहा कि इस मामला के जांच के लिए जनपद पंचायत सीईओ को मामले के जांच हेतु आदेशित किया गया है।

# आम चुनावों के नतीजों में आगे रहे इमरान समर्थित निर्दलीय,गठबंधन सरकार बनाने में जुटे राजनीतिक दल

**इस्लामाबाद,11 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में गुरुवार को आम चुनाव हुए थे। उसी दिन नतीजे आने थे, लेकिन उस दिन मतगणना पूरी नहीं हो सकी। आखिरकार चुनाव आयोग ने रविवार को अंतिम नतीजों की भी घोषणा कर दी। फैसला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पाले में गया। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर शानदार जीत हासिल की। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया है। वहीं, त्रिशंकु संसद की स्थिति स्पष्ट होने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं।

देश में आम चुनाव के नतीजों में हुई देरी से सियासी बवाल खड़ा हो गया था, यहा कई पार्टियों ने धांधली जैसे आरोप लगाकर रोना रोया और कुछ ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस बीच, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने रविवार को 265 सीटों पर हुए चुनाव में से 264 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए। हालांकि एक सीट का नतीजा अभी रोक दिया गया है।

### इस सीट का नतीजा नहीं किया घोषित

बताया जा रहा कि पंजाब प्रांत के खुशब में एनए 88 का नतीजा आयोग ने धोखाधड़ी की शिकायतों के कारण रोक दिया है। पीड़ित की शिकायतों के सुलझने के बाद इसकी घोषणा की जाएगी।

बता दें, पीटीआई समर्थित अधिकतर निर्दलीय उम्मीदवारों को नेशनल असेंबली में 101 सीटें मिली हैं। इसके बाद, नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) उर्दू भाषी लोगों को 17 सीटें मिलीं, जो विभाजन के दौरान भारत से चले गए थे। अन्य छोटी पार्टियों ने बाकी 12 सीटें जीतीं।



सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 133 सीटें जीतनी होंगी। नेशनल असेंबली की कुल 336 सीटों में से साधारण बहुमत के लिए कुल 169 सीटों की जरूरत है, जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटें भी शामिल हैं जिन पर बाद में फैसला होगा।

इस बीच, पंजाब,सिंध और खैबर-पख्तूनख्वा की तीन प्रांतीय विधानसभाओं के पूर्ण परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, लेकिन बलूचिस्तान विधानसभा के तीन निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम अभी भी लंबित हैं।

. पंजाब की 296 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों को 138 सीटें मिलीं, इसके बाद पीएमएल-एन को 137 और अन्य दलों को 21 सीटें मिलीं।

. सिंध की कुल 130 सीटों पर चुनाव लड़ा गया था, जिसमें से 129 के परिणाम घोषित किए गए थे, जबकि ईसीपी ने भ्रष्टाचार के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में फिर से मतदान का आदेश दिया था।

. खैबर-पख्तूनख्वा में कुल 113 सीटों के लिए चुनाव हुए थे और 112 सीटों के परिणाम घोषित किए गए थे, एक सीट पर परिणाम रोक दिया गया था। इससे पहले, उम्मीदवारों की मौत के कारण चुनाव के दिन से पहले दो सीटों पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

### शरीफ को सेना का साथ

पाकिस्तान में राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि नकदी संकट से जूझ रहे देश को आम चुनावों के बाद त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक एकीकृत सरकार बनाने का आह्वान किया। इसपर पाकिस्तानी सेना ने शरीफ को अपना समर्थन दिया।

### गठबंधन सरकार बनाने की दिशा में पीएमएल-एन

पीएमएल-एन अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के जरिए 71 वर्षीय खान को प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद की तर्ज पर गठबंधन सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही थी। पार्टी सुप्रीमो शरीफ (74) ने अपने छोटे भाई पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस मुद्दे पर बातचीत करने का काम सौंपा। उन्होंने पहले ही पीपीपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर ली है। एमक्यूएम-पी का एक प्रतिनिधिमंडल लाहौर में है और उसने शहबाज के साथ बैठक की। इतना ही नहीं, समूह बड़े शरीफ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर रहा है।

एमक्यूएम के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ. खालिद मकबूल सिद्दीकी कर रहे हैं। मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ, मरियम नवाज और लीग के अन्य नेता भी बैठक में भाग ले रहे हैं। शहबाज ने कहा, बैठक में, सरकार गठन के संबंध में विचार-विमर्श होगा।

पाकिस्तान के शक्तिशाली सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार को सभी लोकतांत्रिक ताकतों की एकीकृत सरकार बनाने का आग्रह किया।

# दोस्तों के साथ मॉडिफाइड जीप में तेज गति से तफरी कर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ा



**» वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 12500/- का समन शुल्क वसूल**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

मॉडिफाइड जीप को शान से लेकर तेज रफ्तार गति से शहर की तफरी करने निकले युवकों को आखिरकार पुलिस ने दबोच ही लिया। सबक सिखाने पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 12500/- का समन शुल्क भी वसूल किया है और वाहन भी जप्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना गांधीनगर पुलिस टीम को किसी राहगीर से सूचना मिली की कुछ युवक मॉडिफाइड जीप मे बैठकर तेज गति से वाहन चला रहे हैं। यातायात के नियमो का उल्लंघन कर रहे है युवकों ने पुलिस टीम की घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में मॉडिफाइड जीप के चालक युवक ने अपना नाम स्वस्तिक केशरी आत्मज किशोर केशरी 18 वर्ष निवासी मनेन्द्रगढ़ रोड किसान राईस मिल नमनाकला का होना बताया। वाहन चालक से जब उपरोक्त जीप के सम्बन्ध मे आवश्यक दस्तावेज एवं जीप को मॉडिफाइड करने के सम्बन्ध मे पूछताछ की गई जो वाहन चालक द्वारा अवैधानिक रूप से वाहन को मॉडिफाइड करना स्वीकार किया गया। युवक द्वारा यातायात के नियमो की अवहेलना कर मॉडिफाइड जीप को तेज गति से चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर उपरोक्त मॉडिफाइड जीप को जप्त कर वाहन चालक से 12500/- रुपये की चालानी राशि वसूल की गई है।

### सरगुजा पुलिस की अपील

सरगुजा पुलिस ऐसे वाहन एवं उनके चालकों के विरुद्ध सखूती से कार्यवाही करने प्रतिबद्ध है, सरगुजा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि यातायात के नियमो का पालन करें, नियमो की अवहेलना करने पर सरगुजा पुलिस द्वारा सखूती से कार्यवाही की जाएगी।

# बलरामपुर की बेटी ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल जिले का किया नाम रोशन

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के वाड्राफनगर ब्लॉक में छोटे से गांव बरतीकला की ज्योति दयाल ने विशाखापट्नम में आयोजित सातवीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है



इस इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में हमारे कई पड़ोसी देशों से आए खिलाड़ियों को हराकर विशाखापट्नम में ज्योति दयाल ने जीत कर विजेता का खीताब हासिल किया है।

ज्योति दयाल के इस किताब से बलरामपुर ही नहीं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है और गौरव से छत्तीसगढ़ का सीना चौड़ा हो गया वहीं उनकी उपलब्धि से परिजनों में भी हर्ष का माहौल बना हुआ है मिली जानकारी के अनुसार राजीव गांधी इनडोर स्टेडियम विशाखापत्तनम में तीन और चार फरवरी को आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ नेपाल बांग्लादेश यूनाइटेड किंगडम भूटान सहित कई देशों के टीम शामिल थी विभिन्न वर्गों में आयोजित हुई चैंपियनशिप में ज्योति दयाल ने 40 से 45 किलोग्राम वर्ग में भाग लिया इस दौरान उनका मुकाबला विभिन्न देशों के खिलाड़ियों से हुआ और श्रीलंका के खिलाड़ी लिम्बाराम से फाइनल में तीन राउंड में 3-6 बढ़त होने पर फाइटिंग में सफलता मिली।

ज्योति दयाल ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सहित अरुण पाण्डेय, रुखमणी, रानू ,कुमार गौरव ,सहित कन्हर वेली पब्लिक स्कूल के प्रिंसपल राहुल सोनी के समर्थन और सहयोग से मुझे सफलता मिल पाई है

# सरगुजा में 2 साल में 550 लोगों ने की आत्महत्या, आंकड़े चिंताजनक,सामने आ रही ये वजह

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

लगातार बढ़ रहे आत्महत्या के मामले, किशोर व युवा नहीं झेल पा रहे तनिक भी प्रेशर, अच्छी सीख के लिए अभिभावकों की डांट भी उन्हें गुजर रहा नागवार

सरगुजा जिले में बीते कुछ सालों से लगातार आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बीते दो साल की बात करें तो वर्ष 2022 व 2023 में 550 लोगों ने मौत को गले लगाया है। हर साल आत्महत्या के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। ये चिंताजनक है। डिप्रेशन सहित अन्य कई कारणों से लोग अपनी जान दे रहे हैं। मानसिक तनाव, प्रेम प्रसंग, घरेलू कलह इसकी बड़ी वजह हैं। इन आंकड़ों में भी ज्यादातर युवा शामिल है।

सरगुजा डीसीआरबी (डिस्ट्रिक्ट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों की मानें तो ज्यादातर युवा सर्वाधिक प्रेम-प्रसंग, नशे की लत सहित अन्य कारणों से मौत को गले लगा रहे हैं। पिछले दो वर्ष में सरगुजा जिले में 550 लोगों ने आत्महत्या की है। इसमें 66 पढने् वाले छात्र-छात्राएं हैं।

आत्महत्या करने वालों में युवाओं की संख्या ज्यादा है। इसका प्रमुख कारण प्रेम में विफलता व परिवारिक रहा। सरगुजा जिले में वर्ष 2022 में 266 लोगों ने आत्महत्या की थी। इसमें 28 पढने् वाले छात्र-छात्राएं शामिल थे।

वहीं वर्ष 2023 में 284 लोगों ने आत्महत्या की थी। इसमें 38 छात्र-छात्राएं है। पिछले दो साल में 550 लोगों ने आत्महत्या की है। इन आकड़ों से पता चलता है कि आज के युवा मानसिक दबाव नही झेल पा रहे हैं और अपनी जान दे रहे है।

सरगुजा में 2 साल में 550 लोगों ने की आत्महत्या, आंकड़े चिंताजनक, सामने आ रही ये वजहप्रेशर नहीं झेल पा रहे आज के युवा आत्महत्या करने वालों में युवाओं की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। आज की युवा पीढ़ी ज्यादा दबाव नहीं झेल पा रही है। सहनशीलता की कमी भी बड़ा कारण बन गया है।

अच्छी सीख के लिए अभिभावकों की डांट भी युवाओं को इतनी खराब लग जाती है कि वे मौत को गले लगा लेते हैं, ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। वहीं सबसे अधिक प्रेम-प्रसंग के मामलों में युवाओं द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आती है।

### क्षणिक आवेग की स्थिति है बड़ा कारण

आत्महत्या क्षणिक आवेग की स्थिति में होता है। इसलिए ऐसे आवेगपूर्ण स्थिति से निकलने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। युवाओं में बढ़ता अवसाद आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ाने का एक बहुत प्रमुख कारण है।

**डॉ. तृप्ति विश्वास, एचओडी,साइकोलॉजी, पीजी कॉलेज**

### इन स्थितियों में हो जाएं सजग

- निराशा रहना
- अनिद्रा के लक्षण
- चिंता में रहना
- चिड़चिड़ापन की स्थिति

सरगुजा में 2 साल में 550 लोगों ने की आत्महत्या, आंकड़े चिंताजनक,

- अकेले रहने से बचें
- आसपास ऐसी वस्तु न रखें जिनका उपयोग आप आत्महत्या के लिए कर सकें।
- रचनात्मक कार्यों में खुद को व्यस्त करने की कोशिश करें।
- करीबियों से अपनी परेशानी पर खुलकर चर्चा करें।

# मल्टी परपज में मना वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के प्रतिष्ठित एवं 109 वर्ष पूर्ण कर चुके प्राचीनतम विद्यालय शासकीय बहुउद्देशीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर में शनिवार 10 फरवरी को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इन्द्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सिंह मेजर पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड,कार्यक्रम अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह अध्यक्ष भाजपा सरगुजा, विशिष्ट अतिथि रमेश जायसवाल,अभिमन्यु गुप्ता, राजकुमार बंसल,वैभव प्रताप सिंह, मधुसूदन शुक्ला, अजय प्रताप सिंह, अंबिकेश केसरी, प्रेमानंद तिग्गा, नकुल सोनकर, अरविंद सिंह, रिंकू वर्मा थे। इस अवसर पर अभिवावक और छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर एनसीसी के छात्रों द्वारा ड्रिल करते हुए अतिथियों का अभिवादन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य एचके जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिस में शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में इसके बाद सामूहिक नृत्य में प्रभु श्री राम आएंगे नृत्य एवं अभिनय ने सबको भक्तिमय वातावरण से अभिभूत कर दिया। छात्र छात्राओं ने समूह नृत्य पंजाबी, छत्तीसगढ़ी करमा, कथक और माइम शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शों तथा समसामयिक विषयों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और सह-पाठ्यक्रमी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका को निर्दिष्ट किया

अंत में उप प्राचार्य केके राय द्वारा अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षिकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश कुमार एक्का, मंच संचालन नवनीत त्रिपाठी एवं अनिल विश्वकर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति में श्रीमती रश्मि नदें,श्रीमती सपना कर,श्रीमती कुसुम गुप्ता,श्रीमती कविता मरावी,श्रीमती शांति मरियम,कुमारी आराधना टोप्पो,श्रीमती क्षमा शर्मा,श्रीमती उषा संगीता,खेल गतिविधियों में विकास सिंह,रमेश राय, संतोष साहू,फलेंद्र साहू एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा। कार्यक्रम की समाप्ति अतिथियों को स्मृति चिन्हि भेंट कर किया गया।

# छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी के हवाले से संचालित हो रहा है परियोजना कार्यालय

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ विभागीय मंत्रीयो की ताजपोशी भी हो चुकी है। लेकिन एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में पूर्व परियोजना अधिकारी के सेवा निवृत्त होने के पश्चात महिनों से कार्यालय में स्थाई रूप से कोई परियोजना अधिकारी पदभार ग्रहण नहीं कर सका है। वैकल्पिक व्यवस्था पर कार्यालयीन कार्य संचालित हो रहा है। प्रभारी परियोजना अधिकारी सेक्टर सुपरवाइजर कार्यालय में पदस्थ बाबू के हवाले से भगवान भरोसे परियोजना कार्यालय कार्य का संचालन होरहा है। जबकि परियोजना अधिकारी का होना जरूरी है।



महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय से संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता सहायिकाओ को जरूरी आवश्यक कार्यों के लिए परियोजना अधिकारी का इंतजार करना पड़ता है। जरूरी काम समय पर नहीं हो पाता दफ्तर का व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। कार्यालयीन कार्य के नियमित संचालन के लिए कार्यालय में परियोजना अधिकारी का होना लाजिमी है। प्रबुद्ध जनों द्वारा परियोजना कार्यालय में स्थाई रूप से अधिकारी पुनर्स्थापित करने की बात कही जा रही है। ताकि कार्यालयीन कार्य सुचारू ढंग से संचालित हो सके।

# जागरूकता के अभाव में फोर्टिफाइड चावल फेंक रहे लोग

### राशन दुकानों से वितरित चावल में मिला हुआ है फोर्टिफाइड

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

फोर्टिफाइड चावल को लेकर अब भी शहर व गांवों में जागरूकता का अभाव है। महिलाएं राशन दुकानों से मिलने वाले चावल में मिश्रित फोर्टिफाइड चावल को निकालकर फेंक देती हैं, जो उचित नहीं है, क्योंकि फोर्टिफाइड चावल पौष्टिक आहार के रूप में वितरण किया जा रहा है। इसे लेकर अब भी राशन दुकानों व ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रचार-प्रसार की जरूरत है, ताकि फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल से अलग कर न फेंके।

अभी पिछले सप्ताह अंबिकापुर के दक्षिण-पूर्वी रिंग रोड, गहिरा गुरु आश्रम के समीप भाथूपारा मोहल्ले में जागरूकता के अभाव में लोगों ने सोसायटी से गलत चावल दिए जाने का आरोप लगाया था। जिसे बाद में बुद्धजीवियों की मदद से फोर्टिफाइड चावल के बारे में विस्तार से जानकारी दे समझाया गया। लोगों की शिकायत थी कि यह चावल पकता नहीं है और खाने पर पचता भी नहीं है। लोगों ने बताया कि यह चावल धोते समय पानी में डूब नहीं रहा, बल्कि तैरता रहता है। मिलावट के अंदेशा पर हो हल्ला शुरू हो गया था।





फोर्टिफाइड चावल को लेकर अब भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक चावल का भ्रम बना हुआ है। यही वजह है कि राशन दुकानों से कार्डधारियों को मिल रहे चावल में मिश्रित फोर्टिफाइड चावल को महिलाएं व युवतियां चावल सफाई के दौरान अलग से निकालकर फेंक देती हैं। जबकि यह चावल पौष्टिक आहार है। इसे लेकर शुरुआत में खाद्य विभाग व शासन-प्रशासन ने जमकर प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता लाया था, लेकिन आज भी कई घरों में फोर्टिफाइड चावल को फेंका जा रहा है। इस पर रोक लगानी बेहद जरूरी है, क्योंकि इस चावल को मिलर महंगे दामों में खरीदकर कस्टम मिलिंग के दौरान इसे सामान्य चावल में मिलाते हैं।

### आंगनबाड़ियों से हुई थी शुरुआत

आंगनबाड़ियों में अध्ययनरत नौनिहालों की सेहत तंदुरूस्त करने व कुपोषण भगाने के लिए के लिए शासन स्तर से फोर्टिफाइडयुक्त चावल आवंटन भोजन बनाने के लिए शुरुआत की गई थी। इसके बाद स्कूलों में मध्याह्न भोजन के लिए भी फोर्टिफाइडयुक्त चावल जारी किया गया। स्कूल व आंगनबाड़ियों में बच्चे इस चावल को खा रहे है। फोर्टिफाइडयुक्त चावल को पकाने व खाने में किसी तरह परेशानी नहीं है। इसके बाद ही भी पूरे राशन दुकानों में कार्डधारियों को फोर्टिफाइडयुक्त चावल वितरण किया जा रहा है, ताकि सबको अतिरिक्त पौष्टिक मिल सके।

### फोर्टिफाइड चावल में हैं कई पोषक तत्व

फोर्टिफाइड चावल में कई पोषक तत्व मिलता है। इसमें विटामिन बी-12, फोलिक एसिड और आयरन जैसे शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कई बीमारियों से बचाने में सहायक है। ऐसे में महिलाएं व युवतियां चावल साफ करने के दौरान फोर्टिफाइड चावल को सामान्य चावल से अलग न करें। भोजन के साथ इसे भी सामान चावल में पकाएं।

# झुमका जल महोत्सव के आयोजन में ऐसा मशगूल हुआ प्रशासन की बिना अशोक चक्र वाला तिरंगा झुमका क्षेत्र में फहरा दिया...

- मुख्यमंत्री के जाने के बाद झंडे पर गई नजर तो गलती का हुआ एहसास,तिरंगा उतार दिया गया
- अब तिरंगे की जगह सिर्फ खंभा ही है खड़ा,तिरंगा कब लगेगा?
- अधिकारियों ने पारिवारिक उत्सव की तरह मनाया झुमका महोत्सव,आम लोगों का केवल आना-जाना ही देखा गया...
- नाश्ते भोजन की भी अधिकारियों सहित उनके परिवार जनों के लिए थी व्यवस्था, आम लोग भीड़ में जगह ही बनाते रह गए...
- जिले के मंच उद्घोषकों पर भी नहीं था कलेक्टर कोरिया को विश्वास,अन्य जिले से मुख्यमंत्री कार्यक्रम के लिए बुलाए गए उद्घोषक
- अन्य जिले से आए उद्घोषक कोरिया जिले के उद्घोषकों के समाने हुए बौने साबित,अंत में कोरिया जिले के ही उद्घोषकों ने सम्हाला मंच
- अन्य जिले से आए उद्घोषक शब्द चयन में दिखे कमजोर,अपनी ही साज सज्जा तक दिखी उनकी प्रतिभा मंच पर

- रवि सिंह-
कोरिया 11 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।








कोरिया जिले का झुमका जल महोत्सव शुरू से ही लोगों को खटक रहा था पर प्रशासन की जिद थी कि यह आयोजन करना है और इस जिद की वजह से यह आयोजन हुआ भी और इस आयोजन में कई कमियां भी देखी गई, जहां पर यह आयोजन जिले वासियों के लिए मनाया जा रहा था उनके मनोरंजन के लिए मनाया जा रहा था वही यह आयोजन सिर्फ अधिकारियों और उनके परिवार के लिए ही होकर रह गया ऐसी चर्चा है, वहीं इस बीच एक बड़ी बात सामने आई जो वाकई में चौंकाने वाली है प्रशासन को पता था कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे, जिसके लिए खूब तैयारी की गई पर पूरी तैयारी पर पानी तब फिर गया जब झुमका में बिना अशोक चक्र वाला झंडा प्रशासन ने लगा दिया जो आसमान में लहराता रहा जब तक पहले दिन मुख्यमंत्री आकर लौट नहीं गए, लेकिन देश के तिरंगे के तीन रंग तो दिख रहे थे पर नहीं दिख रहा था तो अशोक चक्र इस पर प्रशासन पूरे मामले को दबा दिया और किसी तरह आयोजन निपटा भी लिया, अब यह बात अचानक वीडियो व फोटो के साथ सामने आ रही है जो कहीं ना कहीं प्रशासन की इतनी बड़ी लापरवाही को उजागर करता है तिरंगा उतार भी दिया गया लेकिन तब उतारा गया जब मुख्यमंत्री जिले से चले गए।

बताया जा रहा है की मामले को तत्काल प्रशासन के आला अधिकारियों के संज्ञान में किसी ने लाया भी लेकिन उन्होंने बिना अशोक चक्र वाले तिरंगे को फहरने दिया तब तक जब तक मुख्यमंत्री चले नहीं गए वहीं जब मुख्यमंत्री चले गए तिरंगा धीरे से उतार लिया गया और बात दबाने।की पूरी कोशिश की गई। बताया जाता है की यह बड़ी भूल थी जिसे तब सुधारने की बजाए गलती होने दिया गया और जब देखा गया की मुख्यमंत्री चले गए प्रशासन ने तत्परता दिखाई और तिरंगा खंभे से उतार दिया। जिला प्रशासन कोरिया पूरे आयोजन के दौरान केवल आयोजन को पारिवारिक उत्साह के लिए होने वाला आयोजन बनाता रहा जहां अधिकारियों के परिवार के सदस्यों और खुद अधिकारियों को विभिन्न सुविधाएं मिलती रही और अन्य के हिस्से जिलेवासियों के हिस्से केवल पुलिस वालों की फटकार ही आती रही और उन्हे बड़ी मुश्किल से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचते हुए देखा गया। भोजन, नाश्ता, चाय काफी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों को परोसा जाता रहा वहीं आम लोगों को खड़े होने की जगह भी बमुस्किल मिलती नजर आई जिसमे पासधारी वह लोग भी शामिल थे जिन्हे राजनीतिक दलों से होने या अन्य किसी बड़े संपर्क की वजह से वीआईपी पास मिल सका था।

### बिना अशोक चक्र का तिरंगा मुख्यमंत्री के रहते हुए झुमका जल महोत्सव के दौरान फहरता रहा,आखिर इसके लिए कौन है दोषी?

झुमका जल महोत्सव के दौरान बिना अशोक चक्र दर्शाता तिरंगा झुमका पर्यटन क्षेत्र के तिरंगे के लिए लगाए गए पोल पर फहरता हुआ नजर आता रहा वहीं इसपर नजर पड़ने के बाद भी जिले के आला अधिकारी तब तक मौन रहे जबतक की मुख्यमंत्री वापस लौट नहीं गए। मुख्यमंत्री के जाते ही तिरंगा उतार लिया गया वहीं तबसे पोल खाली है बिना तिरंगे के ही है। अब इस मामले में गलती हुई है या वह ध्वज किसी अन्य देश का था या वह ध्वज भारत का राष्ट्रीय ध्वज प्रतीक स्वरूप वहां लगाया ही नहीं गया था यह तो जिला प्रशासन ही बता सकता है लेकिन जिसने उस दौरान फोटो विडियो बनाया उसे जरुर अटपटा लगा यह कहा जा सकता है। कुल मिलाकर प्रशासन को बताना चाहिए की आखिर वह किस प्रतीक स्वरूप का तिरंगा था जिसमे अशोक चक्र ही नहीं था जो मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान झुमका क्षेत्र में लगाया गया था।

### झुमका जल महोत्सव अधिकारियों का पारिवारिक उत्सव साबित हुआ,आम लोगों के लिए दोनो दिन परेशानियों भरे रहे

झुमका जल महोत्सव जिले के झुमका क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जहां जिलेवासियों के मनोरंजन के लिए कई ख्यातिप्राप्त राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को भी बुलाया गया था ऐसा प्रशासन का दावा था। कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक यह देखने को मिला की कार्यक्रम अधिकारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित कार्यक्रम था जो उद्देश्य से ही भटक गया था अपने ऐसा लोगों ने महसूस किया। कार्यक्रम में कई मानक तय किए गए आमंत्रित सदस्यों के लिए जिसमे वीआईपी, वीवीआईपी, जैसी परंपरा पास के माध्यम से बनाई ही गई वहीं अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए उससे भी हटकर अलग ही तरह की व्यवस्था बैठक सहित अन्य सुविधाओं की की गई जो कार्यक्रम को सीमित लोगों के मनोरंजन खासकर अधिकारियों सहित उनके परिजनों के उत्साह के लिए होने वाला माना गया। कार्यक्रम में अधिकारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों के लिए समय समय पर चाय नाश्ते की व्यवस्था उनके लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। अन्य लोग भीड़ में एक दूसरे को पछाड़कर किसी तरह आगे बढ़ते भी तो उन्हे पुलिस की फटकार मिलती और वह लौटते रहे। आम लोग रास्ता नापने का ही काम करते रहे।

### भोजन के दौरान एक अधिकारी हुए थे नाराज,कुछ न मिलने से सामने आई थी नाराजगी

बताया यह भी जाता है की झुमका जल महोत्सव के दौरान भोजन की जो व्यवस्था अधिकारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों के लिए की गई थी उसमे पहले दिवस की रात एक अधिकारी नाराज भी हो गए। बताया जा रहा है की उन्हे खाने में एक ऐसी चीज नहीं परोसी गई जो बनाई तो गई थी लेकिन जल्द खत्म हो गई थी। अधिकारी काफी नाराज हुए थे ऐसा बताया जा रहा है वहीं वह कार्यक्रम से बिना कुछ खाए लौट भी गए थे।



प्रथम दिवस मंच संचालक उद्घोषकों का किया गया था आयात,आयातित मंच संचालक उद्घोषकों पर जिले के आला अधिकारी को था अधिक विश्वास,कार्यक्रम के बीच हटाए गए आयातित मंच संचालक- बताया यह भी जा रहा है की जिले के एक आला अधिकारी को जिले में मंच संचालकों साथ ही उद्घोषकों पर विश्वास नहीं था की वह मुख्यमंत्री के आगमन साहित दो दिवसीय आयोजन में मंच संचालन कर पाएंगे,जबकि कोरिया जिले का मंच संचालन अपने आप में हमेशा उदाहरण बना है अन्य जिले के लिए। आला अधिकारी ने दो मंच संचालक अन्य जिले से आयात किए और उन्हे मुख्यमंत्री के आगमन पर मंच संचालन की जिम्मेदारी दी गई। आयातित मंच संचालकों को कार्यक्रम के आरंभ में ही शब्द चयन में परेशान होते देखा गया वहीं उनकी जगह कोरिया जिले के उद्घोषकों को मंच संचालन के।लिए मंच प्रदान किया गया। आयातित केवल अपनी साज सज्जा तक ही प्रतिभावान साबित हुए मंच संचालन में कोरिया के उद्घोषकों के समाने वह बौने साबित हुए जो उपस्थित लोगों ने भी माना।

### जिले के जिला मुख्यालय का एक क्लब बार भी इस मामले में हुआ था बदनाम,उस पर भी नए पुलिस अधीक्षक को रखना होगा ध्यान

कांग्रेस शासनकाल में जिला मुख्यालय के एक क्लब बार का भी इस मामले में नाम बदनाम हुआ था। क्लब बार भी किसी आम व्यक्ति का नहीं था,क्लब बार में तब सत्ताधारी दल के लोग सदस्य बतौर दर्ज थे जिनके कारण क्लब बार पर कोई कार्यवाही तब संभव नहीं हो पाई थी। नए पुलिस अधीक्षक को क्लब बार मामले में भी ध्यान देना होगा जिससे वहां भी मध्यप्रदेश की अवैध शराब न बेची जा सके क्योंकि कई बार ऐसी बातें सामने आती रहीं हैं।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | कोरिया-एमसीबी-समाचार | अम्बिकापुर ,रविवार 04 फरवरी 2024 | 5

बड़ी राशि खर्च कर किया गया झुमका जल महोत्सव जिलवासियों के मनोरंजन के लिए था या जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों के लिए मनोरंजन के लिए ?

कोरिया वासियों के लिए झुमका महोत्सव का हुआ था आयोजन पर उन्हें ही नहीं मिली कुर्सियां,खड़े होकर देखना पड़ा आयोजन

10 हजार क्षमता वाले कार्यक्रम के लिए 2 हजार कुर्सियां अन्य ने खड़े होकर लिया कार्यक्रम का आनंद

कार्यक्रम के लिए जगह नहीं पार्क वाले जगह को बनाया गया कार्यक्रम स्थल

पुराने बोट का देखरेख हो नहीं पा रहा और मंगा लिया गया शिकारा

### पुराने बोटों का देखरेख हो नहीं पा रही है,शिकारा चप्पू के सहारे कैसे चलेगा

झुमका में कलेक्टर कोरिया ने शिकारा की व्यवस्था की है। शिकारा कितने में खरीदा गया कहां से खरीदा गया यह तो स्पष्ट नहीं हो सका लेकिन शिकारा झुमका में पहुंच गया क्योंकि पूर्व की सरकार और और उस दल के नेताओं ने पिछले कार्यक्रम में कलेक्टर से आग्रह किया था जिसे उन्होंने पूरा किया। झुमका की स्थिति वोटिंग के हिसाब से देखी जाए तो झुमका में पहले के बोट बेहतर रख रखाव के अभाव में कंडम होते जा रहे हैं वहीं अब शिकारा भी आ गया है। शिकारा का रखरखाव कैसे होगा चप्पू के सहारे कितने दिन शिकारा आय प्रदान करेगा सैलानियों को आकर्षित करेगा अपनी तरफ यह देखने वाली बात होगी।

### कार्यक्रम के लिए नए स्थल का चयन करना था पर पार्क को ही बर्बाद किया गया

झुमका महोत्सव के दौरान आयोजन के लिए किसी अन्य स्थान का चयन करना था जहां अधिक लोग भी आयोजन का आनंद ले सकते थे वहीं झुमका में बना हुआ छोटा सा पार्क जहां बच्चों के लिए झूला वगैरह भी लगा हुआ था उसे नहीं तोड़ना पड़ता नहीं हटाना पड़ता। आयोजन के लिए प्रशासन ने जल्दबाजी में पार्क और झूला स्थल को ही नेस्तनाबूत कर दिया जहां परिवार सहित आने वाले छोटे बच्चे और महिलाएं झूला झूलने का आनंद लेते थे साथ ही कुछ समय वहां बैठकर बिताते थे।फिलहाल देखा जाए तो पार्क का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है।

### शिकारा किस चीज से बनता है?

शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है जो मुख्यतः भारतीय केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर की डल झील में प्रयोग में लाई जाती है। जम्मू कश्मीर के अलावा शिकारे जैसी नावें भारत के राज्य केरल में भी प्रयोग की जाती है। इसका निर्माण यह शिल्प देवदार की लकड़ी (जो पानी में विघटित नहीं होती) पर निर्भर है और इसकी लंबाई 25 से 41 फीट तक होती है। नुकीले अग्र सिरे के बाद लकड़ी के 8 तख्तों से बना एक केंद्रीय खंड होता है और नाव अंततः एक सपाट पिछले खंड में समाप्त होती, कारा और हाउसबोट में क्या अंतर है? हालांकि कश्मीर के डल झील में भी शिकारा में इसी तरह का अनुभव मिल जाता है, लेकिन हाउसबोट और शिकारा में अंतर है, शिकारा झील में एक ही जगह पर रहती है, लेकिन केरल के हाउसबोट सारी सुविधाओं को देने के साथ आपको धीरे-धीरे सफर कराते हैं। इसका उपयोग रोमांटिक सेनन के लिए ज्यादा किया जाता था कपल के साथ इस वोट में घूमने ज्यादा मशहूर है पर क्या झुमका में वैसा माहौल है जो कपल घूम सके?

### झुमका महोत्सव को संपन्न हुए 9 दिन बीत गए लेकिन नहीं हुई सफाई,अब श्रमदान कर सफाई करने की चलाएगा मुहिम जिला प्रशासन

कोरिया प्रशासन क्या क्या आडंबर या दिखावा कर रहा है यह फिर सही में उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की फिक्र है ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि कोरिया जिले का झुमका जल महोत्सव खत्म हो गया खत्म हुए तकरीबन 9 दिन बीत गए पर वहां पर जो गंदगी पसरी हुई है उसकी सफाई नहीं हुई, जबकि जिम्मेदारी समझी जाती तो कार्यक्रम के समाप्त होने के दूसरे दिन ही साफ-सफाई व्यवस्था हो जाती पर ऐसा हुआ नहीं और 9 दिन बीत गए पर सफाई नहीं हुई, अब 9 दिन बाद प्रशासन कुछ आडंबर ही दिखा रहा है ऐसा कहना गलत नहीं होगा क्योंकि जिला प्राशासन द्वारा झुमका जल महोत्सव के उपरांत कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई हेतु सोमवार 12.02.2024 को प्रातः 8 बजे से श्रमदान आयोजित किया गया है। जिसे लेकर सवाल खड़े होते हैं की क्या श्रमदान की वजह से ही वहां की सफाई नहीं हो पाई? या फिर श्रमदान करके प्रशासन अपनी वाह वाही कराना चाहता है, वही इस पूरे आडंबर को प्रसारित करने के लिए भी प्रिंट एवम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को झुमका बोट क्लब बुलाया गया है। वैसे झुमका पर्यटन क्षेत्र में साफ सफाई पहले भी नहीं हुआ करती थी जिसकी खबर भी प्रकाशित की गई थी वहीं झुमका जल महोत्सव के बाद गंदगी और ज्यादा हुई है जिसकी सफाई अब एक मुहिम के तहत होने जा रही है।

# विद्युत मंडल की शासकीय भूमि की प्लाटिंग कर करोड़ो की जमीन बेच रहा भूमाफिया...राजस्व विभाग क्यों खामोश?

## कांग्रेस नेताओं से नजदीकी बनाकर किया कारनामा...

## कलेक्टर कार्यालय में की गई शिकायत

- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़ 11 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

शहर में एक भूमाफिया ने राजस्व व रजिस्ट्रार कार्यालय से मिली भगत कर करोड़ो की भूमि को अपनी पत्नी के नाम रजिस्ट्री करवा कर उसकी बिक्री शुरू कर दी है, इस मामले में कलेक्टर ने शिकायत मिलने के बाद जाँच कर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है.। भूमाफिया के इस अवैध कारोबार में जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है इस पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं क्योंकि इस फर्जीवाडे में शाशन के कई बड़े अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हैं क्योंकि उनकी मिलीभगत के बिना इतना बड़ा कारनामा नहीं हो सकता, इस सम्बन्ध में कलेक्टर एमसीबी को की गई शिकायत



29/12/1967 को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र में विरजू आत्मज चिरागअली ने अपने स्वामित्व की भूमि को म.प्र. विद्युत मंडल को विक्रय किया था। आज दिन तक उक्त भूमि का नामान्तरण विद्युत मण्डल के नाम पर नही किया गया है।

विरजू के पुत्र ने उक्त जमीन को एक मो0 खलील को विक्रय कर दिया तथा समयकाल व्यतीत होने के बाद मो0 खलील ने उक्त भूमि को मनेन्द्रगढ़ के एक भूमि व्यवसायी रघुनाथ पोद्दार को विक्रय कर दिया। रघुनाथ पोद्दार ने उक्त भूमि अपनी पत्नी श्वेता पोद्दार तथा अपने भागीदार प्रमोद अग्रवाल की पत्नी

लिया है। अब रघुनाथ पोद्दार व उसके भागीदार द्वारा करोड़ो की उक्त बहुमूल्य भूमि को विकसित करके अवैध रूप से विक्रय कर रहा है। मनेन्द्रगढ़ स्थित उक्त भूमि मनेन्द्रगढ़ के बिजली ऑफिस के

लगभग रिक्त अवस्था में है, म.प्र. विद्युत मंडल वर्तमान मे छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी के रूप में कार्यरत शासकीय कंपनी है।लोक हित में मनेन्द्रगढ़ स्थित खसरा नं. 415 तथा 416 की भूमि को तत्काल रूप से जांच करा कर उक्त रघुनाथ पोद्दार के विरूध अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने की माँग को लेकर शिकायत के बाद अब जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है यह देखने वाली बात होगी, कांग्रेस शासन काल में भी उक्त भू माफिया ने मनेन्द्रगढ़ से लगे





थी जिसमें गवाह के रूप में उसने अपने नाबालिक बेटे का नाम रजिस्ट्री में दर्ज करवाया है, जब इसकी शिकायत राजस्व

दवाब में मामले को ही रफा दफा करवा दिया गया, यदि लालपुर के मामले की भी जाँच कराई जाये तो सच उजागर हो सकता है, दर असल इस भू माफिया को सत्ता धारी दल से नजदीकी बढ़ाने में महारत हासिल है. यही वजह है कि बीते 5 वर्ष तक जब तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही तो रघुनाथ पोद्दार अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए पूर्व विधायक डा. विनय जायसवाल, पूर्व

जयसिंह अग्रवाल को लड्डूओं से तौलता रहा, और लोगों को यह जाहिर करता रहा कि वह कांग्रेस के नेताओं का बहुत खाश है. विधानसभा चुनाव के दौरान भी रघुनाथ पोद्दार ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा कर खूब प्रचार प्रसार भी किया, क्योंकि उसे पूरी उम्मीद थी कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी लेकिन जब प्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगया तो इसने मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल से नजदीकी बढ़ाना इसलिए शुरू कर दी ताकि इसके जमीन का कारोबार तेजी से फल फूल सके. फिलहाल अब सभी की नजर कलेक्टर के ऊपर लगी हुई हैं कि वे बिजली विभाग की भूमि की अवैध खरीदी बिक्री मामले

CMYK

# एसडीएम पटवारी की दोस्ती सुर्खियों में क्या

# अधिकारी व कर्मचारी के बीच का अंतर हुआ खत्म ?

## क्या पटवारी को अधिकारी से मिल रहा है वसूली करने का अधिकार ?

## अधिकारी की खास पटवारी अपनी मनचाही पदस्थापना पाने में आखिर कैसे हो जाती हैं कामयाब ?











- रवि सिंह -
कोरिया,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर राजस्व अनुविभाग में आजकल अधिकारियों और कर्मचारियों की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिल रही है की उसके बाद यह कहना गलत नहीं होगा की अब अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच की दूरियां अंतर खत्म हो चुका है और दोनों एक साथ नजर आने लगे हैं। न अधिकारी अपने पद मर्यादा का ख्याल रख रहे हैं न ही कर्मचारी अधिकारियों से भय खा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप यह रहा है की अब भ्रष्टाचार पांव पसार रहा है और सबकुछ लेनदेन के सहारे ही संभव हो पा रहा है।

इस तरह का हाल राजस्व विभाग में ज्यादा देखने को मिल रहा है जहां अधिकारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों की जुगलबंदी की वजह से आम लोग जो फरियादी बनकर राजस्व मामलों के निपटारे के लिए पहुंच रहें हैं वह परेशान हो रहे हैं आर्थिक रूप से भी उन्हे परेशानी झेलनी पड़ रही है,ऐसा ही मामला बैकुंठपुर के ओडगी हल्का की पटवारी को लेकर समाने आ रहा है वह भूल गई अपनी पद की गरिमा दिखा रही है दादागिरी आपको बता दें कि पटवारी हल्का ओडगी में पदस्थ महिला पटवारी नेम कुमारी अपने कार्यालय से नदारत हमेशा रहती है जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि काम से ज्यादा रूपयों से बात करती है किसी व्यक्ति को अपना कोई भी राजस्व काम करवाना हो पटवारी से तो मैडम अपना फीस का फरमान जारी करती है कि पहले फीस दीजिए फिर काम होगा अधिकांश उन्हें एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय में ही देखा जाता है जबकि पटवारी का काम पटवारी कार्यालय में ज्यादा होता है लेकिन नेम कुमारी पटवारी ओडगी अब भ्रष्टाचार की सीमा धीरे-धीरे लांघती जा रही हैं जिस पर प्रशासन की नजर नहीं पड़ पा रही है जिसकी वजह से महिला पटवारी का हौसला और ही बुलंद होता जा रहा है। मैडम जी को इतना घमंड है कि वह किसी की कुछ भी सुनना नहीं चाहती हैं कहती हैं कि मेरे से एसडीएम तहसीलदार की अच्छी खासी जमती है तुमको जो करना है कर लो जिसके पास जाना है चले जाओ लेकिन पहले पैसा दो फिर मैं काम करूंगी । भाजपा के राज्य में क्या इस तरीके का भ्रष्टाचार पटवारी कब तक अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे। क्या एसडीएम और तहसीलदार भ्रष्ट पटवारी को दे रहे हैं संरक्षण? सूत्रों से मिली तस्वीरे कुछ ऐसा ही इशारा करती है।

## पटवारी की वसूली से लोग परेशान... कैसे मिलेगा इस पटवारी से निजात?

### ओडगी पटवारी काम कम पैसों से ज्यादा बात करती है...

बैकुंठपुर के ओडगी हल्का की पटवारी राजस्व मामलों में काम कम पैसों से ज्यादा बात करती हैं ऐसा सूत्रों सहित राजस्व मामलों को लेकर उनके पास पहुंचने वाले फरियादियों का कहना है। राजस्व विभाग में पटवारी का पद राजस्व मामलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पद है प्रथम चरण है इसका फायदा लेना पटवारी जानते हैं और वह लोगों को अपने पद का महत्व बताकर जैसे चाहे वसूली करते हैं वैसा ही ओडगी में हो रहा है जैसा सूत्रों का कहना है।

### पद की गरिमा भूल पद का धौंस दिखाते नजर आती हैं ओडगी हल्का पटवारी

सूत्रों की माने तो राजस्व मामलों में पटवारी का पद पहला ऐसा पद होता है जो मामलों को जमीनी स्तर पर सुलझाने का या उसके निराकरण का काम करता है। यह महत्व है पद का और गरिमा भी है पद की। वेतन मामलों में यह पद तृतीय श्रेणी पद है और वेतन भत्ते भी ज्यादा नहीं हैं। वेतन भत्ते कम होने के कारण आजकल इस पद पर आसीन लोग इस पद की गरिमा भूल जा रहे हैं और राजस्व मामलों के निपटारे के लिए पहुंचने वाले फरियादियों को अपनी धौंस दिखाकर उनसे अनुचित लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा ही ओडगी हल्का पटवारी करती नजर आ रही हैं जिनकी लगातार शिकायत सामने आ रही है।

### कार्यालय से नदारत और तहसील सहित एसडीएम कार्यालय में ज्यादा नजर आती हैं...

पटवारी अपने हल्का में ही ज्यादा समय तक रहें और उन्हे उनके हल्का क्षेत्र के लोगों को ढूढना न पड़े इसलिए प्रत्येक पटवारी हल्का में एक पटवारी कार्यालय स्थापित किया गया है जहां पटवारियों को प्रतिदिन बैठकर लोगों की फरियाद सुननी है उसका निराकरण करना है। ओडगी हल्का की पटवारी फिर भी अपने कार्यालय में गाहे बगाहे जाति हैं और ज्यादातर वह एसडीएम सहित तहसीलदार कार्यालय में ही नजर आती हैं। उन्हे ढूढने में उनके हल्का के लोगों को इधर उधर भटकते देखा जाता है।

# चोरों ने पुलिस के घर को भी नही बक्सा,

## लाखो के माल पर कर किया हाथ साफ

- संवाददाता -
कोरबा,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है । लगातार चोर गिरोह के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा हैं । चोरों के हौसले जिले में इतने बढ़ चले है के वे पुलिस के घर में भी चोरी करने से बाज नहीं आए । चोर भी अब जान चुके है के पुलिस की पेट्रोलिंग मुख्य सड़कों तक ही सीमित रह गई है जिसका फायदा वे चोरी के वारदातों को अंजाम देते हुए उठा रहे है । ऐसा एक वाक्य बीते रात सीईएसबी कॉलोनी में एक पुलिस अधिकारी के यहां चोरों ने चोरी के वारदात को अंजाम दिया है । यदि आम जनता की जान माल की रक्षा करने वाली पुलिस के घर ही चोरी हो जाए,तो आम जनता का घर कितना सुरक्षित है इसका अंदाजा लगाना कोई कठिन काम नहीं होगा। ऐसा ही कुछ कोरबा में भी हुआ है जहां कुसमुंडा थाना में पदस्थ असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता के घर को चोरों ने निशाना बनाया और नकदी रकम और जेवरातों के साथ ही लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। राकेश गुप्ता पूरे परिवार के साथ सीएसईबी कॉलोनी में निवासरत है। बीती रात सब इंस्पेक्टर ड्युटी में थे जबकि पूरा परिवार पॉम मॉल घूमने के लिए गया हुआ था। इसी बात का फायदा चोरों ने उठाया और उनके घर धावा बोलकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। परिवार मॉल से घूमकर जब वापस लौटा तब चोरों के कारनामों का पता चला।सिविल लाइन रामपुर पुलिस को खबर लगते ही मामले की छानबीन सुरू कर दिया गया है साथ ही डॉग स्कॉड के माध्यम से चोरों का सुराग लगाया जा रहा है।

# जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 4 लाख 95 हजार 028 बच्चों को दी जाएगी एलबेंडाजोल की खुराक

- संवाददाता -
कोरबा,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा नगरीय क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोहड़िया वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, विद्यालय के प्राचार्य रंधीर सिंह एवं स्टाफ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्कूल के छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि बच्चों में बढ़ते कुपोषण की रोकथाम एवं उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जिले के शत प्रतिशत बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक खिलाना आवश्यक है। सीएमएचओ डॉ. केशरी द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी 2024 को जिले के सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं / केन्द्रीय विद्यालयों / नवोदय विद्यालयों/मदरसों/निजीस्कूलों / महाविद्यालयों / तकनीकि शिक्षा संस्थानों में 01 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर /किशोरियों को एलबेंडाजोल (कृमिनाशक) की दवा खिलायी जाएगी साथ ही दवा के सेवन से वंचित बच्चों को 15 फरवरी 2024 को मॉपअप दिवस पर दवा का सेवन कराया जाएगा। जिससे बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में वृद्धि, एनीमिया की रोकथाम के साथ ही बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिती में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अंतर्गत 1 से 19 वर्ष के कुल4, 95, 028 बच्चों को कृमि नाशक दवाई खिलाने का लक्ष्य है। जिसके अंतर्गत 01 से 05 वर्ष तक के बच्चों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों में दवा का सेवन कराया जाएगा तथा 6 से 19 वर्ष के बच्चों को स्कूलों में दवा खिलाई जाएगी। 01 वर्ष से 02 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की आधी गोली, 02 वर्ष से 03 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चूरा/पीसकर पानी के साथ सेवन कराया जाएगा तथा 03 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाया जाएगा।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा स्थानीय नेताओं द्वारा उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अंबिकापुर के पंडित दीनदयाल चौक में भाजपा स्थानीय नेताओं द्वारा उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया किया गया। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि उनके विचारों में हम हर बार एक नवीनता का अनुभव करते हैं, एकात्म मानव दर्शन का उनका विचार मानव मात्र के लिए था जो हमेशा प्रासंगिक रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि सामाजिक जीवन में एक नेता को कैसा होना चाहिए, भारत के लोकतन्त्र और मूल्यों को कैसे जीना चाहिए, हमारे प्रेरणाश्रोत दीनदयाल जी इसके भी बहुत बड़ा उदाहरण हैं, आगे उन्होंने कहा कि बहुत कम उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव गरीबी के विकास एवं मुख्यधारा में लाने के लिए अन्त्योदय के विचार की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रभारी लखनलाल साहू, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा,वरिष्ठ भाजपा नेता करता राम गुप्ता, मंजूषा भगत, अभिषेक शर्मा, राजबहादुर सिंह, आलोक दुबे, रूपेश दुबे, अजय सिंह बबलू, सर्वेश तिवारी, प्रेमानंद तिग्गा, अनिल जयसवाल, वसीम अंसारी, संजू वर्मा, वीरेंद्र बघेल, कृष्ण कुमार शर्मा, मनोज कंसारी, शैलु सिंह, मनोज सोनी, शैलेंद्र शर्मा, नीलम राजवाड़े, रमेश जयसवाल, नकुल सोनकर, जितेंद्र सोनी, वीर सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव चलो घर घर चलो अभियान ने पकड़ा जोर...

# भाजपा कार्यकर्त्ता जा रहे घर घर,लगा रहे चौपाल

» विधानसभा प्रभारी ने किया कई मंडलों का दौरा...प्रचण्ड बहुमत से जीतेंगे लोकसभा चुनाव : देवेन्द्र तिवारी

- संवाददाता -
भरतपुर-सोनहत 11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।






गत दिवस गाँव चलो घर घर चलो अभियान के तहत भरतपुर-सोनहत के विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र तिवारी केल्हारी, कुंवारपुर, भगवानपुर, कोटाडोल, जनकपुर एवं कनौज क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास पर पहुंचे । तथा वहां पार्टी कार्यकर्त्ताओ एवं आम जनता से केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण, जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे चर्चा किया।

जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने कहा की आज का प्रवास लोकसभा के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है जैसा कि इस अभियान के नाम गांव चलो घर घर चलो से ही स्पष्ट है की हम सभी छोटे बड़े भाजपा कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव के पूर्व देश के हर मतदाता के घर पहुंचना है और केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में स्थापित करना है हम जनता के बीच खाली हाथ नहीं जा रहे देश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने हर वर्ग को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभान्वित किया है और उन्ही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना , उज्वला योजना , नारी अस्मिता की रक्षा के लिए हर घर शौचालय योजना , कोरोना काल में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य एवं खाद्य संबंधी तमाम आपूर्ति , किसान सम्मान निधि , फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं लेकर जनता के द्वार पर पहुंचना है और उन्हें उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करना प्रमुख है ।

### महतारी वंदन योजना से बदलेगी समाज की तस्वीर

मोदी की गारंटी के कारण आज छत्तीसगढ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है। मातृ शक्ति के सम्मान में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लगातार प्रदेश हित में अपने वादों को पूर्ण कर रहे हैं। महिलाओं को एक हजार महीने देने की घोषणा ने समाज में उत्साह का वातावरण बनाया है।

### भाजपा की केंद्र सरकार की उपलब्धि

विधानसभा प्रभारी देवेंद्र तिवारी ने कहा कि गांव चलो घर-घर चलो अभियान के माध्यम से हम गांव गांव बस्ती बस्ती जाकर बताएंगे की भाजपा की सरकार ने जनहितो में क्या क्या कार्य किया जैसे धारा 370 का समापन, 3 तलाक से आजादी, राम मंदिर निर्माण, काशी और महाकालेश्वर कोरिडोर, लोकल फॉर वोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, मेक इन इंडिया के माध्यम से उत्पादन की श्रेणी में श्रेष्ठकर नतीजे जैसे मोबाइल और वहां निर्माण में अपनी मजबूत धमक प्रस्तुत करना इत्यादि।

### जिला उपाध्यक्ष एवम जिला पंचायत सदस्य से किया भेंट

विधानसभा प्रभारी देवेंद्र तिवारी ने अपने प्रवास के दौरान भरतपुर के प्रतिष्ठित नेता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही जिला पंचायत सदस्य रविशंकर से भेंट कर उनसे चर्चा किया। इस दौरान मुख्य रूप से कुंवारपुर मण्डल अध्यक्ष हीरालाल मौर्य,हीरा यादव, जनकपुर मण्डल अध्यक्ष पवन शुक्ल, कोटडोल मण्डल अध्यक्ष राजाराम केल्हारी मण्डल अध्यक्ष परमानंद यादव सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ आम जन मानस से मुलाकात कर अभियान सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

## मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
खड़गवा,11 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

विकसित भारत मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह से श्याम बिहारी जयसवाल छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभ आरंभ किया गया और समापन खड़गवां में हुआ छत्तीसगढ शासन के स्वास्थ मंत्री माननीय श्याम बिहारी जयसवाल ने इस प्रतियागिता का प्रारंभ किया गया और आये धावकों को शुभकामनाएं दी मैराथन दौड़ में धावकों ने दूर दूर से आकर महिला एवं पुरुष वर्गों दोनों ने हिस्सा लिया सूरजपुर जिले से आए धावकों ने पुरुष वर्गों में क्रमश प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रिस गर्ग पिता सूरजभान गर्ग जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 2371/8 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार यादव पिता अमरनाथ यादव जाति अहीर निवासी गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 219/19 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर डिएगो ने लिया संन्यास



**रियो डी जनेरियो, 11 फरवरी 2024।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर डिएगो सूजा ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है, जिसके साथ उन्होंने 20 साल से अधिक लंबे अपने करियर का अंत कर दिया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में स्पोर्ट रेसिफ़ से अलग होने के बाद 38 वर्षीय खिलाड़ी किसी भी क्लब से जुड़े हुए नहीं थे।सूजा ने ग्लोबो एस्पोर्टे को एक इंटरव्यू में बताया, अब से मैं केवल टेलीविजन पर या स्टैंड में फुटबॉल का अनुसरण करूंगा। मैं अपने बच्चों और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहता हूं। मेरा करियर अच्छा रहा और मैंने खेल में जो कुछ भी हासिल किया है उसके लिए मैं आभारी हूं। सूजा ने 2003 में फ्लुमिनेंस में अपना करियर शुरू किया और बेनफिका, फ्लेमेंगो और मेटलिस्ट खार्किव सहित अन्य क्लबों में भी काम किया। उन्हें ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के लिए सात मैच खेले हैं और दो गोल किए। जब उनसे उनके साथ खेले सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों का नाम पूछा गया, तो उन्होंने रोमारियो, नेमार और रोनाल्डिन्हो का नाम लिया।

### वीबगेन भारत बनाम अंडर-19 विश्व कप फाइनल से पहले सीनियर्स से प्रेरित




**बेनोनी, 11 फरवरी 2024।** रविवार को विलोमूर में भारत के खिलाफ अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेइबगेन ने कहा कि टीम अपने वरिष्ठ समकक्षों से प्रेरणा लेगी, जिन्होंने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एशियाई दिग्गजों पर जीत हासिल की और पिछले साल आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिससे टीम को अंतिम मुकाबले से पहले युद्ध के लिए तैयार होने में मदद मिली है। आखिरकार, परिणाम उस टीम के पक्ष में जाएगा जो बड़े फ़ाइनल के दौरान खुद को एकत्रित रखती है। फाइनल से पहले, वेइब्गेन ने कहा कि टीम इंडिया के खिलाफ उनके सीनियर्स ने जिस तरह से खेला उससे टीम को काफी साहस मिलेगा, लेकिन वे उस बात पर भी कायम रहेंगे जिसने उन्हें सही परिणाम दिए हैं।जिस तरह से उन्होंने खेला है उससे हमें बहुत साहस मिलता है। उन्हें जीतते देखना बहुत प्रेरणादायक है। लेकिन हम बस उस पर टिके रहने की कोशिश करेंगे ।

# भारत का 15 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट




**नई दिल्ली, 11फरवरी 2024।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को टीम में वापस लेने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उन्हें काफी गेंदबाजी करनी होगी। अपने बल्ले और क्षेत्ररक्षण से भी भरपूर प्रदर्शन करते हैं।

भारत 15 फरवरी से राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट खेलेगा। सीरीज 1-1 से बराबर है और अभी तीन मैच बाकी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, चोट के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेलने वाले जडेजा को श्रृंखला के शेष मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका मैदान पर रहना उनकी फिटनेस पर निर्भर है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश ने कहा, रवींद्र जड़ेजा इस टीम में अपरिहार्य हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। हालांकि, क्योंकि वह अपरिहार्य हैं, आप उन्हें बहुत जल्दी वापस नहीं लाना चाहेंगे, क्योंकि उन्हें एक गेंदबाजी करनी होगी। आकाश ने यह भी कहा कि अगर जडेजा की वापसी होती है, तो भारत तीसरे गेम में जसप्रित बुमरा के साथ चार स्पिनरों को खेल सकता है। उन्होंने कहा, उन्हें बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण भी करना होगा। वह एक त्रि-आयामी खिलाड़ी हैं। इसलिए उनके लिए, मैं कहूंगा कि सावधानी से आगे बढ़ें। अगर वह आते हैं, तो भारत बुमराह के साथ चार स्पिनरों को खिलाने के बारे में सोचना शुरू कर सकता है। आकाश ने यह भी कहा कि अगर केएल राहुल फिट हैं तो वह टीम में वापस आ जाएंगे क्योंकि वह विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं और बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं। लेकिन अगर वह उपलब्ध नहीं हैं तो मुंबई के घरेलू क्रिकेट सनसनी सरफराज खान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा इस टीम का हिस्सा हैं, जो होना ही था। मुझे लगता है कि केएल राहुल को इस टीम में आना चाहिए क्योंकि यह एक छोटी सी बात थी, यह कोई आंसू या कुछ और नहीं था, खासकर जब से वह एक बल्लेबाज हैं और फिलहाल नहीं रख रहा हूं, आकाश ने कहा।

तो मैं मान रहा हूं कि वह राजकोट में उपलब्ध होंगे और खेलेंगे भी। वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए श्रेयस अय्यर की जगह तुरंत फिट हो जाएंगे। अगर राहुल उपलब्ध नहीं हैं, तो आप सरफराज खान को पदार्पण करते हुए देख सकते हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने निष्कर्ष निकाला।

सरफराज खान और रजत पाटीदार भी सीरीज का हिस्सा हैं. बीसीसीआई ने कहा कि बल्लेबाज केएल राहुल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की भागीदारी उनकी फिटनेस पर निर्भर है। बीसीसीआई के बयान में कहा गया, रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल की भागीदारी बीसीसीआई मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी के अधीन है। मोहम्मद शमी, जो चोट के कारण पहले दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे, अभी भी बाहर बैठे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी टीम में शामिल किया गया है।

### किन-किन जगहों में खेला जायेगा टेस्ट मैच

तीसरा टेस्ट 15 फरवरी को राजकोट में शुरू होगा, जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी को रांची में शुरू होगा। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 7 मार्च को धर्मशाला में खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 1 लेवल पर है। 28 के बाद -पहले हैदराबाद टेस्ट में एक रन से हार, भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीता। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष श्रृंखला के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (वीसी), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (डब्ल्यूके), केएस भरत (डब्ल्यूके), आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल। वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## ऑस्ट्रेलिया के स्ट्राकर ने यू 19 डब्ल्यूसी फाइनल के दौरान भारत को बाउंसर हमले की चेतावनी दी




**बेनोनी, 11फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज टॉम स्ट्राकर ने टीम इंडिया को चेतावनी दी कि आईसीसी अंडर 19 विश्व कप फाइनल के दौरान उछाल भरी बेनोनी सतह पर बहुत सारे बाउंसर का इस्तेमाल किया जाएगा। बेनोनी में 19 विश्व कप के खिताबी मुकाबले में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से हो रहा है। यह भारत की लगातार पांचवीं 19 विश्व कप फाइनल में उपस्थिति है और ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ उनका तीसरा प्रदर्शन है। ऑस्ट्रेलिया ने कभी भी 19 विश्व कप फाइनल में भारत को नहीं हराया है। अगर भारत ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ने में कामयाब हो जाता है तो वह छठी बार खिताब जीतेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया चौथी बार यह खिताब अपने नाम करेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले रोमांचक सेमीफाइनल में 24 रन देकर 6 विकेट लेने वाले स्ट्रैकर ने कहा कि टीम सतह पर उछाल का सबसे अच्छा उपयोग करना चाहेगी और कुछ टीमों को डराने के बाद अपने बाउंसरों से भारत को परेशान करना चाहेगी।

उन्होंने बाउंसरों का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि साथी तेज गेंदबाज कैलम विडलर और महली बियर्डमैन को उनके बम्पर पसंद हैं।

क्रिकेट.कॉम.एयू ने स्ट्राकर के हवाले से कहा, हमारे पास काफी अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। हमने इस टूर्नामेंट के दौरान कुछ टीमों को डराया है और उम्मीद है कि फाइनल में हम भारत के साथ भी ऐसा ही करेंगे। यहां की पिच थोड़ी उछाल भरी भी है। जैसा कि आपने पूरे टूर्नामेंट में देखा है, हम अपने बाउंसरों का भरपूर उपयोग करते हैं इसलिए यह हमारे गेम प्लान का हिस्सा होगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, यहां के सभी लड़के, विशेषकर महली और विडलर, बम्पर पसंद करते हैं हम ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हैं, और निश्चित रूप से, हम बम्पर पसंद करते हैं, इसलिए मुझे यकीन है कि उनमें से बहुत सारे होंगे। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का तीसरा 19 विश्व कप फाइनल है, जिसने 2012 और 2018 में पिछला खिताब जीता था। भारत के खिलाफ इस हार के बावजूद, स्ट्राकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ फाइनल खेलना चाह रही थी। तेज गेंदबाज ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजी और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के बीच मुकाबला शानदार होगा।

## सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार दूसरी बार जीता एसए 20 खिताब

**केपटाउन, 11फरवरी 2024।** मार्को यानसेन के पांच विकेट के दम पर सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जाइंट्स को 89 रन से हराकर लगातार दूसरी बार साउथ अफ्रीका 20 खिताब अपने नाम कर लिया। लीग के पहले सत्र में भी सनराइजर्स विजयी रहे थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाये। जवाब में डरबन टीम कल देर रात हुए इस मैच में 17 ओवर में 115 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज यानसेन ने चार ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने लीग में सर्वाधिक 20 विकेट अपने नाम किये। खचाखच भरे न्यूलैंड्स स्टेडियम पर पहले सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कप्तान एडेन मार्कराम ने 26 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाये। वहीं प्लेयर आफ द मैच बने टॉम एबेल ने 34 गेंद में 55 रन का योगदान दिया जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। ट्रिस्टान स्टब्स ने 56 रन बनाये जिन्होंने 30 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। डरबन के लिये कप्तान और बायें हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये लेकिन उनके अलावा बाकी गेंदबाज विकेटों के लिये तरसते रहे।




## भारतीय सितारे नागल,रामकुमार ने शुरुआती दौर में फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को हराया



**बेंगलुरु, 11 फरवरी 2024।** भारत केशीर्ष एकल खिलाड़ियों ने दाफा न्यूज बेंगलुरु ओपन 2024 में अपने एकल मुख्य ड्रॉ के पहले दौर के प्रतिद्वंद्वियों के रूप में फ्रांसीसी खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिसमें दूसरे वरीय सुमित नागल जेफ्री ब्लैंकेनॉक्स और रामकुमार से भिड़ने के लिए तैयार हैं। रामनाथन मैक्सिम जनवेर से भिड़ रहे हैं। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (के एस एल टी ए) द्वारा केएसएलटीए स्टेडियम में किया जा रहा है। क्वालीफाइंग राउंड रविवार से शुरू होकर जबकि फाइनल 18 फरवरी को होगा।

ब्लैंकेनॉक्स नागल के लिए कोई नया प्रतिद्वंद्वी नहीं है, जिसे वह अब तक तीन बार हरा चुके हैं। 121वें स्थान पर मौजूद नागल ने उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वालीफायर में भी हराया था और वह फ्रांसीसी खिलाड़ी पर अपना दबदबा बढ़ाना चाहेंगे। रामकुमार का जेनिवर के खिलाफ आमने-सामने का रिकॉर्ड 1-1 है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं, तो उनके शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी लुका नारदी से भिड़ने की संभावना है। नारदी को अपने शुरुआती दौर में क्वालीफायर से मिलने के लिए तैयार किया गया है।

मुख्य ड्रॉ में भारतीयों को देखना हमेशा रोमांचक होता है। देश में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी से स्थानीय खिलाड़ियों को मदद मिलती है क्योंकि उन्हें शीर्ष वैश्विक नामों के साथ खेलने का मौका मिलता है। पूर्व विश्व नंबर 25 वासेक पोस्पसिल, सुमित नागल और लुका जैसे खिलाड़ियों की उपस्थिति के साथ नारदी, टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी क्योंकि प्रशंसक केएसएलटीए स्टेडियम में रोमांचक और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरे एक सप्ताह की उम्मीद कर सकते हैं, टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमन ने कहा।

## सिकंदर रजा ने कहा- यह सपनों की बात है...

**दुबई ,11 फरवरी 2024।** सिकंदर रजा अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे क्योंकि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईएलटी 20 मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने डेजर्ट वाइपर पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की। जीत के लिए 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रजा ने मैच की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को प्लेऑफ की दौड़ में आगे बढ़ाया। उस पल के बारे में बात करते हुए जब उन्होंने अपनी टीम को मैच जीताया, जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ने कहा, यह सपनों की बात है। मेरे दृष्टिकोण से, प्रतियोगिता में बने रहने के लिए हमें इस जीत की जरूरत थी। और ऐसी जीत मायने रखती है।÷ हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए लंबा रास्ता तय करना है। इसने हमें अचानक विश्वास दिलाया है कि हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं। हमें विश्वास है कि हम सेमीफाइनल में जगह बना सकते हैं।




## बॉक्सिंग में निखत,अमित चमके




**6 भारतीय फाइनल में पहुंचे**

**सोफिया, 11 फरवरी 2024।** दो बार की विश्‍व चैंपियन निखत जरीन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल ने बुल्गारिया के सोफिया में 75 वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चार अन्य साथियों के साथ अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), बरुण सिंह ने फाइनल में प्रवेश किया।

आकाश (71 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दिन के पहले सेमीफाइनल में निकहत जरीन (50 किग्रा) एक्शन में थीं। बुल्गारियाई मुक्केबाज ज़्लातिस्लावा चुकानोवा के पीछे भीड़ के समर्थन के साथ, निखत ने सावधानी से मुकाबला शुरू किया, लय में आने के लिए कुछ समय लिया, लेकिन गेम पर पकड़ नहीं खोई और राउंड 3-2 से जीत लिया।

निखत ने दूसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने बल्गेरियाई प्रतिद्वंद्वी को आक्रमण करने का कोई मौका नहीं दिया और कुछ सटीक प्रहार किए। नखत ने तीसरे राउंड में अपना दबदबा जारी रखा और संयम बनाए रखा, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं मिला और उन्होंने मैच को 5-0 से अपने नाम कर लिया। नीलखत अब रविवार को स्वर्ण पदक मैच में उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से भिड़ने के लिए तैयार हैं। भारत के अमित पंघल (51 किग्रा) के लिए यह आसान दिन था, उन्होंने अपना लगातार तीसरा मैच 5-0 से जीता। अमित ने तुर्की के गुमुस समेट का सामना किया और शुरू से ही अपने क्षेत्र में थे। अमित ने जरूरत पड़ने पर आक्रमण करने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अन्यथा प्रतिद्वंद्वी के क्षेत्र से दूर जाने के लिए अपने फुटवर्क का इस्तेमाल किया।

## फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभाएंगी रकुल प्रीत सिंह



फिल्म के लिए, वह एक शानदार कलाकारों की टोली तैयार करने में कामयाब रहे, जिसमें भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर, सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश और भगवान हनुमान के रूप में सनी देओल शामिल थे। लारा दत्ता फिल्म में कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए बोर्ड पर आई हैं और निर्माता विभीषण की भूमिका निभाने के लिए विजय सेतुपति के साथ बातचीत कर रहे हैं। हमें अब विशेष रूप से यह भी पता चला है कि रामायण टीम कहानी के लिए एक और नायक को अंतिम रूप देने के करीब है। ये किरदार शूर्पणखा का है। नितीश तिवारी और उनकी टीम रामायण में शूर्पणखा के रोल के लिए रकुल प्रीत सिंह से बातचीत के आखिरी चरण में हैं। रकुल और नितेश तिवारी पिछले कुछ समय से बातचीत कर रहे हैं और शूर्पणखा की भूमिका के लिए कास्टिंग अब पूरी हो चुकी है। वह रामायण के सबसे महत्वपूर्ण पात्रों में से एक है क्योंकि भगवान राम और रावण के बीच युद्ध के लिए शूर्पणखा जिम्मेदार है।

## संजय दत्त ने अपनी पत्नी मान्यता को दी उनकी 16 वीं शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं



संजय दत्त और मान्यता दत्त आज अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस अवसर पर, 'खलनायक' अभिनेता ने अपनी पत्नी के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ लिखी हैं। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर संजय ने मान्यता के साथ अपनी प्यारी तस्वीरों वाला एक वीडियो साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी मॉम, मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद और आपने मुझे जो 2 सबसे अद्भुत बच्चे दिए हैं, उनके लिए धन्यवाद, मैं आपको सबसे ज्यादा प्यार करता हूं मॉम, मैं इसके बाद भी हमेशा आपके साथ रहूंगा। दुनिया का अंत, तुम्हें प्यार और सालगिरह मुबारक उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिल्पा शेट्टी ने इस खूबसूरत जोड़े को बधाई दी और कहा, ओह, आप दोनों को सालगिरह मुबारक हो, धन्य रहें मान्यता नेएक दिल छू लेने वाले कैप्शन के साथ, सफेद और ग्रे आउटफिट में जोड़े की एक शानदार तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, स्वीट सिक्सटीन हमारे जीवन के खट्टे-मीठे पलों का जश्न मना रही हूं हमेशा और हमेशा और एक साथ! तुम्हें हमेशा और हमेशा प्यार!! दत्त और मान्यता ने वर्ष 2008 में शादी की और यह जोड़ी जुड़वां बच्चों शहरान और इकरा के माता-पिता हैं। अभिनेता की पहली शादी ऋचा शर्मा से हुई थी, जिनकी 1996 में ब्रेन ट्यूमर से मृत्यु हो गई, जिनसे उनकी एक बेटी त्रिशला है।

## किसी ने भी मुझे उस तरह नहीं जाना जैसे मेरे पिता ने जाना



अभिनेता बाबिल खान ने अपने दिवंगत पिता इरफान खान को याद करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर किया और कहा कि कोई भी उन्हें उस तरह से नहीं जानता था जैसे वह जानते थे। बाबिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता इरफान के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें पिता-बेटे की जोड़ी को एक नाव पर खड़े देखा जा सकता है। कोई भी उसे उन्हें तरह नहीं जानता था, जैसे मैंने जाना, किसी ने भी मुझे उस तरह नहीं जाना जैसे उन्होंने जाना है। यह कहना आसान है, उन्हें याद करना आसान है। उन्हें खोने के बारे में इमोशनल होना और रोना आसान है। ये आसान है। 'द रेलवे मेन' फेम अभिनेता ने अपने पिता के साथ बिताए पलों को

## श्रद्धा-राजकुमार की 'स्त्री 2' में कैमियो करेगा यह एक्टर



एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसे काफी सराहना मिली थी। फैंस को इसके सीक्वल का इंतजार है। इस बीच कहा जा रहा है कि श्रद्धा के साथ इस मूवी में एक्टर वरुण धवन भी दिखाई दे सकते हैं। 'बॉलीवुड हंगामा' की एक रिपोर्ट के मुताबिक वरुण ने हाल ही में 'स्त्री 2' में श्रद्धा के साथ एक कैमियो अपियरेंस के लिए शूटिंग पूरी कर ली है। वरुण भेड़िया की भूमिका निभा सकते हैं, जो इन सभी ब्रह्मांडों के बीच एक क्रॉसओवर का हिस्सा है। वरुण ने मुंबई के एक स्टूडियो में श्रद्धा के साथ अपने सीक्वेंस की शूटिंग कर ली है। वरुण ने शूटिंग के लिए अपने दोस्त और निर्माता दिनेश विजान को दो दिन अलॉट किए थे। बताया जा रहा है कि 'भेड़िया 2' की शूटिंग साल 2025 में शुरू हो सकती है और यह वहीं से शुरू होगी जहां 'स्त्री 2' खत्म होगी। फिलहाल 'स्त्री 2' की शूटिंग जारी है। यह अगस्त में रिलीज होगी। बता दें कि 6 साल पहले अमर कौशिक के डायरेक्शन और दिनेश विजन के प्रोडक्शन में बनी 'स्त्री' काफी सफल रही थी। इसके बाद साल 2022 में वरुण की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' आई, जिसमें कृति सेनन भी थीं और फिल्म हिट रही। अब दोनों फिल्मों के सीक्वल जल्द आने वाले हैं।

# सीएम विष्णुदेव साय ने दुर्ग को दी करोड़ों की सौगात

## केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

» बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के तानाशाही और उत्पीडऩ् से मुक्त कराने लड़ाई लड़ी:सीएम विष्णुदेव साय

» आदिवासी लोकनायक बिरसा मुण्डा की प्रतिमा लगाने 25 लाख रूपए की घोषणा

» गोड़वाना भवन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 50 लाख रूपए की घोषणा



**रायपुर, 11 फरवरी 2024(ए)।** । जिला मुख्यालय दुर्ग के सिविल लाइन स्थित कचना धुरवा देवालय परिसर में आज केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा सम्माननीय मंत्री एवं विधायकों का सम्मान तथा वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये।

कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, गजेंद्र यादव एवं ललित चंद्राकर तथा केंद्रीय गोड़ महासभा धमधगढ़ के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, अन्य पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें। समारोह में गोड़ समाज द्वारा गौर सिंह मणित मुकुट पहनाकर और धनुष बाण भेंट कर पारम्परिक ढ़ंग से सम्मान किया गया।

समाज द्वारा मुख्यमंत्री जी को मोतीचूर लड्डुओं से भी तौला गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह सम्मान आप सभी का सम्मान है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेशवासियों की सेवा के लिए जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस पर मैं समाज के सहयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में सफल रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जी के गारंटी को क्रमश पूरा करने जा रही है

इसी कड़ी में प्रदेश के गरीबों को प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। किसानों का विगत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का धान बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरण किया गया है। वन क्षेत्रों में रहने वाले तेंदुपत्ता संग्रहकों से प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रूपए में खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गांरटी के मुताबिक सरकार महतारी वंदन योजना के तहत अगले माह से प्रत्येक हितग्राही महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए देने जा रही है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा जनआस्था के अनुरूप विगत 22 जनवरी को अयोध्या में 5 सौ वर्षों उपरांत रामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए सरकार शीघ्र ही रामलला दर्शन योजना लागू करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गोड़ समाज के पदाधिकारियों की मांग पर गोड़वाना भवन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 50 लाख रूपए और दुर्ग नगर के राजेंद्र पार्क चौक में आदिवासियों के लोक नायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। बिरसा मुंडा एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक थे। वह झारखंड के बांगा गांव में जन्मे थे। उनकी शौर्यगाथाएं भारतीय इतिहास में अमिट चिह्न के रूप में प्रस्तुत हैं।

### बिरसा मुंडा का जीवन एक प्रेरणास्रोत है...

बिरसा मुंडा का जीवन एक प्रेरणास्त्रोत है, जो हमें दिखाता है कि एक संघर्षशील व्यक्ति किसी भी असंभव को मुकाबला कर सकता है। वे हमेशा याद रखे जाएंगे और उनकी महानता को सम्मान देना चाहिए। बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी समाजसेवी, वीर और क्रांतिकारी थे। वह जन्म से ही गोंड आदिवासी परिवार में हुए थे और जब वह छोटे थे तो उनके परिवार को अंग्रेजों ने जमीन छीन ली थी। बिरसा ने इस अन्याय के खिलाफ लडऩे का निर्णय लिया और वह उठ खड़े हुए अपनी जनता की सेवा करने के लिए। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के तानाशाही और उत्पीडऩ् से लोगों को मुक्त कराने के लिए अपनी लड़ाई शुरू की।

## मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मृति दिवस 11 फ़रवरी को बगिया कैंप कार्यालय में उनके छायाचित्र पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धा सुमन अर्पित कि उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद की विचारधारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है जो समाजवाद और व्यक्तिवाद से अलग सोचने की आजादी देता है। एकात्म मानववाद एक वर्गहीन,जातिविहीन तथा संघर्ष मुक्त सामाजिक व्यवस्था जो साम्यवाद से अलग है उसके रूप में परिभाषित किया गया।

## 17 चोसिंगों की मौत का मामला गरमाया

**रायपुर, 11 फरवरी 2024(ए)।** रायपुर के वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी, वाटिका एनिमल सेंचुरी की कस्तूरी बल्लाल, संकल्प गायधानी और एनिमल राइट्स कार्यकर्ता डॉ. किरण आहूजा ने वन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि नया रायपुर की जंगल सफारी जू में नवम्बर में 5 दिनों में 17 चोसिंगों की मौत की जांच रिपोर्ट 25 दिनों पहले आ जाने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न कर दोषियों को बचाया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री से मांग की गई है कि वह छत्तीसगढ़ वन विभाग को आदेशित करें कि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वन्य प्राणियों की हो रही मौतों की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच दल भिजवायें।

जंगल सफारी में जब चेसिंगों की मौतें हो रही थी तब वहां के वरिष्ठ पशु चिकित्सक का अवकाश नियंत्रितकर्ता अधिकारी डायरेक्टर जंगल सफारी द्वारा निरस्त कर दिया गया था फिर भी वे अनुपस्थित रहे।





अवकाश निरस्त करने के बावजूद सर्वोच्च में से एक पद पर बैठे हुए वरिष्ट अधिकारी ने उनका अवकाश स्वीकृत किया जबकि छत्तीसगढ़ अवकाश नियम प्रावधानित करते हैं कि सिर्फ नियंत्रितकर्ता अधिकारी ही अवकाश स्वीकृत कर सकता है। 25 नवंबर को मरे सभी चोसिंगों की मौत का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

परंतु सभी चोसिंगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाई गई और वे भी 30 नवंबर को। संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ पशु चिकित्सक अवकाश निरस्त करने के बावजूद 25 नवंबर को अनुपलब्ध रहीं उसके बावजूद भी उनके द्वारा 25 नवंबर की तारीख में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दस्तखत किया गया। जब चोसिंगों की मौत हो रही थी तब 26 नवंबर की दोपहर 2:30 से लेकर 27 नवम्बर तक की सुबह तक कोई भी पशु चिकित्सक जंगल सफारी में चिकित्सा हेतु उपलब्ध नहीं था। जंगल सफारी के सहायक संचालक को 24 नवंबर की रात 10 बजे ही वन्य प्राणियों की विषम परिस्थिति की सूचना दूरभाष पर दी जा चुकी थी परंतु वह तीन दिनों पश्चात जंगल सफारी पहुंचे। 25 नवम्बर को किये गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में दर्ज समय के अनुसार 15-15 मिनट में एक चोसिंगा का पोस्टमार्टम करना बताया गया है जबकि एक चेसिंगा का पोस्टमार्टम करने में कम से कम 1 घंटा लगता है।

### छत्तीसगढ़ में मृत हाथी के 12 टुकड़े मिले

केद्रीय वन मंत्री को बताया गया है कि 29 जनवरी पता चला कि छत्तीसगढ़ के सूरजपुर वन मंडल में एक हथिनी को करंट से मौत के घाट उतार कर सूरजपुर वनमण्डल में 12 टुकडों में गाड दिया गया और वन विभाग को इसका पता 15 दिनों बाद चला।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार करंट लगाकर बाघ को मारा गया

छत्तीसगढ़ वन विभाग की लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ अवैध शिकार का हॉट स्पॉट बन गया है तथा पहली बार यहां पर बाघ को शिकारियों द्वारा करंट लगाकर गोमार्डा अभ्यारण में मारा गया तथा बाद में गाड दिया गया। वन विभाग को 20 दिन बाद पता चला।

## सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ स्थायी वारंट जारी



### दोनों के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**भिलाई, 11 फरवरी 2024(ए)।** आनलाइन सट्टा एप महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ अब न्यायालय ने भी स्थायी वारंट जारी कर दिया है। इसका मतलब ये है कि दोनों आरोपित का जब भी कोई पुख्ता सुराग मिलता है, तब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा ही जाएगा। स्थायी वारंट जारी होने के बाद ये दोनों आरोपित अब पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड हो गए हैं। इधर रायपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के घर के कुर्की का आदेश चस्पा कर दिया है।बता दें कि इसके पहले दुर्ग रेंज के आइजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने आरोपित सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल पर इनाम घोषित किया है। आइजी ने 25 हजार और एसपी 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। दोनों अधिकारियों द्वारा इनाम घोषित किए जाने के बाद अब न्यायालय ने भी दोनों आरोपितों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर दिया है। इसके बाद अब पुलिस ने इनकी पतासाजी के लिए अपनी कार्रवाई शुरू की है।आम चर्चाओं में दोनों आरोपितों के दुबई में होने की जानकारी मिली है, लेकिन इनके बारे में अधिकृत रूप से कोई भी जानकारी पुलिस के पास नहीं है। लिहाजा अब पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपितों के बारे में पुख्ता जानकारी देने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। यहां उल्लेखनीय है कि महादेव बुक से आनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में ईडी पहले ही इन आरोपितों की तलाश कर रही है। आरोपितों पर सट्टा के रुपयों को हवाला के माध्यम से मनी लांड्रिंग करने का आरोप है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

## सिंगर आदित्य नारायण ने फैन को मारा,फिर मोबाइल छीनकर फेंका

**दुर्ग, 11 फरवरी 2024 (ए)।** भिलाई में लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सिंगर आदित्य नारायण ने वीडियो बना रहे फैन के हाथ में माइक से मारा और फिर मोबाइल छीनकर फेंक दिया। सिंगर आदित्य नारायण की इस हरकत से फ़ैन्स में काफी नाराजगी देखने को मिली है.। अब फोन फेंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.। जिसके बाद फैन्स का गुस्सा फूट पड़ा है. अब लोग इस वीडियो पर तरह-तरह की प्रक्रिया देकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

इस करतूत के पहले भी सिंगर आदित्य नारायण ने छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के इम्प्लॉई के साथ बदतमीजी की थी।. जिसके बाद घटना का वीडियो वायरल हो गया था.। वीडियो में देखा गया था कि आदित्य इम्प्लॉई को धमकी दे रहे हैं



कि 'तेरे कपड़े नहीं उतरवा दिए तो नाम आदित्य नहीं.' बहस के बीच यात्रियों और दूसरे एयरलाइंस के कर्मचारियों की भीड़ लग गई थी।. जैसे-तैसे आदित्य को समझाकर प्लेन में बैठाया गया था. जानकारी के अनुसार, विमान में सवार होने से पहले बोर्डिंग पास और लगेज को लेकर आदित्य एयरलाइंस के इम्प्लॉई से भिड़े थे।

कर्मचारी का कहना था कि आदित्य के पास तय सीमा से ज्यादा लगेज था.। जब रोका गया तो वे आपे से बाहर हो गए थे। आदित्य नारायण मशहूर प्लेबैक सिंगर उदित नारायण के बेटे हैं.। आदित्य खुद एक पॉप्युलर सिंगर हैं.। वो टीवी पर कई शो होस्ट कर चुके हैं.। आदित्य ने अपना पहला गाना 'रंगीला' में आशा भोंसले के साथ गाया था।. इसके बाद उनकी आवाज 'अकेले हम-अकेले तुम' में सुनाई दी थी।. इस फिल्म का टाइटल सॉन्ग आदित्य ने पिता उदित नारायण के साथ ही गाया था।. सुभाष घई की 'परेदस' और सलमान खान की 'जब प्यार किसी से होता है' में बतौर चाइल्ड एक्टिंग और आवाज का जलवा बिखेर चुके हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैम्प कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न

### स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का किया अनावरण



**रायपुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बगिया के कैम्प कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच अटल बिहारी वाजपेयी अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे।अटलजी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। अटलजी जनता की बातों को ध्यान से सुनते थे और उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करते थे। उनके कार्य राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को दिखाते हैं।

## बीजेपी-आरएसएस नफरत फैला रही है

**रायगढ़, 11 फरवरी 2024(ए)।** सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज फिर से रायगढ़ के महात्मा गांधी चौक से शुरू हुई। इस न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने रोड शो के जरिए जनता का अभिवादन किया। उन्होंने रायगढ़ से खरसिया विधानसभा में एंट्री की। इससे पहले वे अपने निर्धारित समय से करीब 4 घंटे लेट दिल्ली से जिंदल हवाई पट्टी एयरपोट पहुंचे और वहां से सीधे रायगढ़ शहर के महात्मा गांधी चौक पहुंचे।

### चीन से मोबाइल खरीदकर पूरे भारत में बेचते हैं अंबानी:राहुल गांधी

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने जातिगत मुद्दों के साथ-साथ अडानी को भी घेरा। साथ ही साथ मीडिया को भी कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाये। रायगढ़ के रामकुमार चौक में जनता तथा मजदूरों से मिलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सभी लोगों का पैसा अडानी की जेब में जा रहा है। अंबानी जैसे व्यक्ति के द्वारा चीन से मोबाइल खरीदकर पूरे भारत में बेचा जाता है। चीन का मोबाइल खरीदने से वहां के युवाओं को रोजगार मिलता है।



हम चाहते हैं मोबाइल फोन छत्तीसगढ़ में बने और यहीं के युवाओं को रोजगार मिले। राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में आग लगी हुई है। वहां भाई-भाई को गोली मार रहा है। कोई सरकार नहीं दिख रही है, हजारों लोग मारे गए, घर जल रहे हैं, लेकिन आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर नहीं गए।

### आज भी जल रहा मणिपुर:राहुल गांधी

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मणिपुर की घटना याद दिलाते हुए कहा कि वे वहां के गोली चलते माहौल में भी पहुंचे थे और वहां के लोगों से बात की थी। आज भी मणिपुर जल रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश के कोने-कोने में नफरत फैलाई जा रही है। कोई बोलता है तुम तमिल बोलते हो इसलिये हमें अच्छे नहीं लगते हो, कोई बोलता है तो बंगोली बोलते हो, इसलिये हमे अच्छे नहीं लगते। कोई बोलता है तुम हिंदी बोलते हो इसलिये हमें अच्छे नहीं लगते हो, तुम उर्दू बोलते हो, या जम्मू कश्मीर के हो, तुम मणिपुर के हो इसलिये तुम हमें अच्छे नहीं लगते हो।

### बीजेपी-आरएसएस के लोग लोगों को एक-दूसरे से लड़वाते हैं...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा बीजेपी-आरएसएस के लोग धर्मों, भाषाओं और राज्यों को एक-दूसरे से लड़वाते हैं। नफरत नफरत को दूर नहीं कर सकती, सिर्फ प्यार ही इसे दूर कर सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक में एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है, जहां नफरत और हिंसा न हो।

## अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

### भूमाफिया पर शिकंजा कसना शुरू,जारी किए जा रहे नोटिस

**बिलासपुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** उत्तरप्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़ में बुलडोजर की शुरुआत हो गई है। जिला प्रशासन के निशाने पर अब भूमाफिया आ गए हैं। 100 से अधिक अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर रेत के बाद अब भूमाफिया पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अवैध रेत घाट पर बैन लगाने के बाद अब भूमाफिया के अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।



### 146 भू स्वामियों ने नहीं दिया जवाब,अब चलेगा बुलडोजर

बिलासपुर से लगे तखतपुर क्षेत्र में दर्जनों अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। बीते दिनों तखतपुर एसडीएम वैभव क्षेत्रज्ञ ने नोटिस जारी कर बीते शुक्रवार शाम पांच बजे तक जवाब देने कहा था। अब तक किसी ने जवाब नहीं दिया है। अब इन अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है।

## आइईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से जवान घायल

**बीजापुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। नक्सलियों के प्रेशर आइईडी की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान घायल हो गया। जवान के दाएं पैर में चोट आई है। उन्हें एयरलिफ्ट कर दंतेवाड़ा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर रेफर किया गया। वहीं जवानों ने मौके से तीन आइईडी बरामद किया है।



मिली जानकारी के अनुसार जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र में स्थित डुमरीपालनार कैंप से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान रविवार को एरिया डामिनेशन के लिए निकले थे। डुमरीपालनार और तिमेनार के बीच जवान पुनीत नेताम का पैर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी पर पड़ गया, जिससे वह ब्लास्ट हो गया। घायल जवान नेताम के दाएं पैर में चोट आई है। उन्हें नेलसनार स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दंतेवाड़ा लाया गया।

इसके बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल जवान कांकेर जिले का रहने वाला है। वहीं जवानों ने घटना स्थल से पांच-पांच किलो के तीन प्रेशर आइईडी बरामद किया है। सभी को बीडीएस टीम की मदद से निष्क्रिय किया गया। भैरमगढ़ एसडीओपी तारेश साहू ने बताया कि नक्सलियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आइईडी की चपेट में आने से जवान घायल हुआ है। घटनास्थल के आसपास तीन आईईडी और बरामद हुआ, जिसे बीडीएस टीम ने सुरक्षित निष्क्रिय कर दिया है। हमारा नक्सल विरोधी अभियान निरंतर जारी है।

## सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस

**रायपुर, 11 फरवरी 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड स्थित एक क्लब में गोली चलने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तारी के बाद इन आरोपियों का पुलिस ने सर मुंडवाकर जुलूस भी निकाला।रायपुर के ऊर्जा पार्क के पास स्थित हाईपर क्लब में पार्टी के दौरान गोली चली। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी प्रॉपर्टी डिलिंग कारोबारी विकास अग्रवाल और रोहित तोमर के बीच पुराने प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था और शनिवार आधी रात को हाईपर क्लब में एक बार फिर दोनों आमने सामने हुए और इस के दौरान रोहित तोमर ने विकास अग्रवाल का रास्ता रोककर हिसाब बराबर करने की बात पर विवाद हुआ और रोहित के साथियों ने विकास अग्रवाल की



फॉरच्यूनर कार में तोड़फोड़ कर दी।इसी दौरान विकास अग्रवाल ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर फायर किया। हालांकि फायर से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन क्लब में मौजूद लोगो में भगदड़ मच गई और पार्टी बंद हो गई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)